# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, गुरुवार 15 जनवरी 2026




# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, गुरुवार 15 जनवरी 2026



आनंद का सच्चा भाव®

| | |
|---|---|
| 18 कैरेट रेट* (75.00%) | = ₹106400/- |
| 22 कैरेट रेट* (91.60%) | = ₹129950/- |
| 24 कैरेट रेट* (99.99%) | = ₹141853/- |

सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra

*Conditions apply

anand® Jewels

Pandri, Raipur





# अब -40 अंक वाले भी एमडी-एमएस प्रवेश के लिए होंगे पात्र, नीट पीजी के कटऑफ में ऐतिहासिक कटौती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**खास खबर**

मेडिकल कालेजों में बड़ी संख्या में पीजी की सीट खाली होने का हवाला देकर कट-ऑफ में ऐताहासिक कटौती की गई है। मॉपअप राउंड से लागू होने वाले नए नियम के अनुसार एसटी-एससी और ओबीसी कैटेगरी के जीरो परसेंटाइल यानी-40 अंक वाले अभ्यर्थी भी पात्र होंगे। इसी तरह जनरल एवं ईडब्लूएस कैटेगरी का परसेंटाइल 7 ए वं जनरल पीडब्लूबीडी श्रेणी में 5 परसेंटाइल प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को भी पात्र माना गया है।

मेडिकल कालेजों की पीजी सीटों पर दो राउंड का एडमिशन अंतिम दौर में है। काउंसिलिंग के दौरान कटऑफ कम होने के बाद भी एमडी-एमएस की सीटों पर एडमिशन नहीं हो रहा है। चिकित्सा शिक्षा और विशेषज्ञ डाक्टर बनाने वाली सीटों के लैप्स होने के खतरे को ध्यान में रखते ▶▶| शेष पेज 6 पर

### खास बातें

- बड़ी संख्या में सीट खाली होने का हवाला, एसटी-एससी, ओबीसी का परसेंटाइल शून्य किया गया
- मॉपअप राउंड से कम अंक वालों को मौका, जनरल एवं ईडब्लूएस का परसेंटाइल 7 किया गया



### चिकित्सा शिक्षा और जनस्वास्थ्य से खिलवाड़

नीट पीजी की सीटों पर एडमिशन के लिए परसेंटाइल कम करने के निर्णय पर चिकित्सा छात्र संगठनों ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। जूनियर डाक्टर एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. रेशम सिंह एवं छत्तीसगढ़ डाक्टर फेडरेशन के अध्यक्ष डॉ. हीरा सिंह लोधी ने कहा कि यह पूरे भारतीय चिकित्सा तंत्र के लिए एक गंभीर और डराने वाली चेतावनी है। -40 अंक का सीधा अर्थ है कि अभ्यर्थी ने एक भी प्रश्न सही नहीं किया, बल्कि जो भी किया, सब गलत किया। ऐसे लोग मेडिकल कॉलेजों में शिक्षक बनेंगे, तो आने वाली पीढ़ी के डॉक्टरों की गुणवत्ता कैसी होगी, यह समझना मुश्किल नहीं है। और अगर यही लोग न्यूरोसर्जरी, हार्ट सर्जरी या गैस्ट्रो ▶▶| शेष पेज 6 पर

### रिवाइज कट -ऑफ

| श्रेणी | पूर्व | नया परसेंटाइल | अंक |
|---|---|---|---|
| सामान्य, ईडब्लूएस | 50 | 7 | 103 |
| पीडब्लूबीडी | 45 | 5 | 90 |
| आरक्षित | 40 | 0 | -40 |

### एक्सपर्ट व्यू

*शिक्षा की गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए प्रवेश के लिए न्यूनतम मानक अंक तय किया जाना चाहिए। कट ऑफ को जीरो परसेंटाइल करने से चिकित्सा शिक्षा की गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है।*

*- डॉ. विष्णु दत्त, पूर्व चिकित्सा शिक्षा संचालक*

### दो महिलाओं और बच्ची को बेचे जाने का मामला उलझा, जिस महिला ने ग्रामसभा में बेचने की बात कबूली, उसने मारी पलटी

# गायब एक महिला का आया फोन, दूसरी का सौदा एक लाख में होने का शक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

**हरिभूमि फॉलोअप**

जिले के दुधावा क्षेत्र अंतर्गत बांगाबारी गांव में दो दिनों से एक महिला द्वारा दो महिलाओं और एक बच्ची को दलाल के माध्यम से राजस्थान में बेचे जाने के मामले ने तूल पकड़ा हुआ है, अब इस मामले में नए तथ्य सामने आए हैं। जिस महिला पर आरोप लगा था कि उसने अपनी भांजी और उसकी तीन साल की बेटी को बेचा है, वह भांजी सामने आई है। भांजी ने वीडियो कॉल में गांव के प्रमुखों से बात करते हुए कहा कि वो अपने पति से प्रताड़ित थी। वो अपनी मर्जी से युवक के साथ आई है और वह राजस्थान में नहीं बल्कि मध्य प्रदेश के मंदसौर में है।

जिस महिला पर दलाली का आरोप लगा है, हरिभूमि ने उससे भी बात की। उसने पूरी घटना का जिक्र करते हुए बताया कि उसके मोबाइल पर एक रांग नंबर से काल आया था, जिसके बारे में उसने अपनी भांजी सतरूपा और पड़ोस में रहने वाली महिला आशा को बताया था। उसके बाद दोनों उस नंबर पर बात करते थे। उसने कहा कि मैने सिर्फ नंबर दिया था, यही मेरी गलती है। मैने दोनों को नहीं बेचा ▶▶| शेष पेज 6 पर


दो महिलाएं और बच्ची को राजस्थान में बेचा पड़ोसन ने, ग्राम सभा में कबूला जुर्म

### दोनों ही महिलाओं के पति रहते थे घर से बाहर

पड़ताल में यह भी बात सामने आई कि दोनों महिलाओं के पति घर से बाहर रहकर काम कर रहे थे। एक का पति ड्राइवर है और एक का पति नारायणपुर में मिस्त्री का काम करता है, जिसके बाद दोनों के फोन में अन्य युवक से बात करने की बात सामने आई है, लेकिन दोनों को नंबर मुहैया करवाने ▶▶| शेष पेज 6 पर

### दूसरी महिला को लेकर ग्रामीणों का हंगामा

दूसरी महिला आशाबाई भी 4 जनवरी से लापता है, जिसे लेकर 12 जनवरी को पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई गई, लेकिन अब तक महिला कहां हैर पता नहीं चला है। महिला के जेठ ने गंभीर आरोप लगाया है। महिला के जेठ सुरेंद्र मरकाम ने बताया कि जिस नंबर से उसके भाई की पत्नी बात करती थी ▶▶| शेष पेज 6 पर

### पहले कबूला फिर मुकर गई ,उलझ गया मामला

ग्रामीणों ने जब ग्राम सभा का आयोजन किया तो महिला जयबत्ती ने लिखित में दोनों महिलाओं और एक बच्ची को राजस्थान में बेचने की बात कबूल की थी, लेकिन अगले दिन महिला दुधावा चौकी पहुंची और लिखित बयान को ग्रामीणों के दबाव में दिया गया बयान बताकर मुकर गई, जिससे मामला और उलझ गया है। ग्रामीणों में अब भी भारी आक्रोश है और वो पुलिस से दोनों महिलाओं को वापस लाने की मांग कर रहे हैं।

### भारत ने अपने नागरिकों को ईरान की यात्रा नहीं करने की दी सलाह

# ईरान में बवाल, अब तक 2500 से अधिक मौतें, भारतीयों को ईरान छोड़ने की सलाह

ईरान में देशभर में हो रहे विरोध प्रदर्शनों में मरने वालों की संख्या 2500 से ज्यादा हो गई है। पिछले दो सप्ताह के अधिक समय से जारी हिंसा और विरोध प्रदर्शनों को देखते हुए भारतीय नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी की है। भारत सरकार ने ईरान में बदलती सुरक्षा स्थिति को देखते हुए वहां रह रहे भारतीय नागरिकों को जल्द से जल्द देश छोड़ने की सलाह दी है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

मिडिल ईस्ट में युद्ध की आहट तेज हो गई है। भारत ने बुधवार को अपने नागरिकों को ईरान की यात्रा से बचने की सलाह दी, जहां सरकार विरोधी व्यापक प्रदर्शनों और प्रदर्शनकारियों पर की जा रही कार्रवाई के मद्देनजर सुरक्षा स्थिति बिगड़ गई है। ईरानी मुद्रा रियाल के रिकॉर्ड निचले स्तर पर गिरने के बाद पिछले महीने तेहरान में प्रदर्शन शुरू हुए।

तब से ये प्रदर्शन सभी 31 प्रांतों में फैल चुके हैं, और आर्थिक संकट के खिलाफ आंदोलन से शुरू होकर राजनीतिक परिवर्तन की मांग में तब्दील हो गए हैं। विदेश मंत्रालय ने एक नए परामर्श में कहा, ईरान में मौजूदा घटनाक्रम को देखते हुए भारतीय नागरिकों को फिर से सलाह दी जाती है कि वे अगली सूचना तक इस्लामिक गणराज्य ईरान की यात्रा करने से बचें। विदेश मंत्रालय ने पांच जनवरी को जारी पिछले परामर्श में अपने नागरिकों से ईरान ▶▶| शेष पेज 6 पर

### सहायता के लिए दूतावास से संपर्क

विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि किसी भी तरह की सहायता या जानकारी के लिए भारतीय नागरिक तेहरान स्थित भारतीय दूतावास से संपर्क कर सकते हैं। सरकार ने भरोसा दिलाया है कि जरूरत पड़ने पर भारतीय नागरिकों को हर संभव मदद उपलब्ध कराई जाएगी। गौरतलब है कि इससे पहले 5 जनवरी को जारी एडवाइजरी में भी भारत सरकार ने अपने नागरिकों से ईरान की गैर-जरूरी यात्रा से बचने का आग्रह किया था।

### ईरान में खामेनेई के आदेश पर कत्लेआम



### ईरान छोड़ने की अपील

विदेश मंत्रालय ने एडवाइजरी में कहा है कि भारतीय नागरिक उपलब्ध सभी परिवहन साधनों का उपयोग करें, जिनमें कमर्शियल उड़ाने भी शामिल हैं, ताकि वे सुरक्षित रूप से ईरान से बाहर निकल सकें।

### दूर रहने की सलाह

सरकार ने दोहराया है कि ईरान में रह रहे सभी भारतीय नागरिक और पीआईओ पूरी सतर्कता बरतें। उन्हें किसी भी तरह के विरोध-प्रदर्शन या अशांत क्षेत्रों से दूर रहने, भारतीय दूतावास के संपर्क में रहने की सलाह दी।

### यात्रा दस्तावेज हमेशा रखें तैयार

*ईरान में मौजूद सभी भारतीय नागरिकों से कहा गया है कि वे अपने यात्रा और इमिग्रेशन से जुड़े दस्तावेज, जैसे पासपोर्ट और पहचान पत्र, हर समय अपने पास सुरक्षित और तैयार रखें।*

### इस्लामिक क्रांति के बाद बड़ा विरोध प्रदर्शन

*ईरान इस समय बड़े विरोध प्रदर्शन का सामना कर रहा है। यह 1979 की इस्लामिक क्रांति की याद दिलाता है जिसने तत्कालीन शाह रजा पहलवी के शासन का तख्ता पलट दिया था। हालिया विरोध प्रदर्शनों की शुरुआत बीते साल के आखिर में 28 दिसम्बर को हुई, जब बढ़ती महंगाई और गिरती अर्थव्यवस्था के बाद व्यापारी सड़कों पर उतरे। धीरे-धीरे आम लोग इससे जुड़ते गए और बीते गुरुवार की रात इसने उग्र रूप अख्तियार कर लिया।*

## खबर संक्षेप

### 85 लाख से अधिक ने लगाई गंगा में डुबकी

**प्रयागराज।** प्रयागराज के संगम तट पर आयोजित माघ मेले के दूसरे स्नान पर्व मकर संक्रांति से पूर्व बुधवार को एकादशी के अवसर पर शाम तक 85 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने गंगा और संगम में आस्था की डुबकी लगाई। मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल ने बताया कि मंगलवार रात 12 बजे से ही स्नान शुरू हो गया था और मकर संक्रांति से पूर्व बुधवार शाम तक 85 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने गंगा और संगम में स्नान किया। उन्होंने कहा कि मकर संक्रांति पर शाम तक यह आंकड़ा एक करोड़ से अधिक पहुंच सकता है।

### पथराव मामले में 5 आरोपियों को झटका

**नई दिल्ली।** तुर्कमान गेट पथराव मामले में 5 आरोपियों को बड़ा झटका लगा है। तीस हजारी कोर्ट ने इन आरोपियों की जमानत याचिकाएं खारिज कर दी हैं। अदालत ने आरिब, कासिफ, कैफ, अदनान और समीर की याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए यह फैसला सुनाया। कोर्ट ने कहा कि आरोपियों पर लगे आरोप बेहद गंभीर हैं। मामले की जांच शुरुआती चरण में है इसलिए उन्हें जमानत नहीं दी जा सकती है। अदालत ने मंगलवार को इस मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया गया था।

## तातापानी प्राचीन धरोहर, आस्था का केंद्र : सीएम

**अंबिकापुर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि तातापानी पुराना स्थल है और यह सिर्फ एक गर्म कुंड नहीं बल्कि प्राचीन सांस्कृतिक धरोहर और आस्था का केंद्र है। यहां वर्षों संक्रांति पर्व का आयोजन हो रहा है और यह कोई धार्मिक आयोजन नहीं है बल्कि इसमें कई कार्यक्रम शामिल है। सीएम श्री साय बुधवार को बलरामपुर जिले के तातापानी में आयोजित तीन दिवसीय संक्रांति महोत्सव को संबोधित कर रहे थे। मकर संक्रांति के अवसर पर संक्रांति महोत्सव का उद्घाटन में शामिल होने ▶▶| शेष पेज 6 पर



**सीएम ने कुम्हार चाक घुमाकर दिया शिल्पकारों को सम्मान**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पारंपरिक माटीकला और ग्रामीण हस्तशिल्प को प्रोत्साहित करते हुए राजपुर विकासखंड के ग्राम आरा निवासी कुम्हार श्री शिवमंगल के साथ स्वयं चाक पर मिट्टी डालकर चाक चलाया, जिससे शिल्पकारों में नया उत्साह और आत्मविश्वास झलक उठा।

## बलौदाबाजार हिंसा, दो दिनों की पुलिस रिमांड पर अमित



**बलौदाबाजार।** दो साल पहले 10 जून 2024 को बलौदाबाजार में हुई हिंसा एवं आगजनी की घटना को लेकर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के प्रमुख एवं प्रदेश अध्यक्ष अमित बघेल को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उन्हें प्रोडक्शन वारंट ▶▶| शेष पेज 6 पर

### अब 13 एफआईआर 199 गिरफ्तार

मामले में अब तक 13 एफआईआर दर्ज की जा चुकी हैं। लगभग 1200 से 1300 पन्नों के दो चालान न्यायालय में प्रस्तुत किए जा चुके हैं तथा कुल 199 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। जांच के दौरान पुलिस ने करीब 100 इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस जब्त किए हैं, जिनकी फॉरेंसिक जांच अभी जारी है।

## दो लाख के ईनामी पोड़ियाम समेत 29 नक्सली मुख्यधारा में लौटे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सुकमा जिले के गोगुण्डा इलाके में सक्रिय 29 नक्सलियों ने बुधवार को हिंसा छोड़ शांति की राह को चुनते हुए मुख्यधारा में शामिल होने सामूहिक समर्पण कर दिया। लगातार समर्पण से दरभा डिविजन के हथियारबंद कैडर माओवादियों के साथ साथ अब उनका सपोर्ट सिस्टम भी ध्वस्त हो रहा है। गौरतलब है कि गोगुंडा में सुरक्षा कैंप स्थापना से एक ओर जहां इलाके की स्थिति में बदलाव देखा जा रहा है, वहीं 29 माओवादियों के सामूहिक आत्मसमर्पण के बाद केरलापाल एरिया कमेटी अब नक्सलमुक्त होने के अंतिम चरण में है। समर्पित माओवादी दरभा डिवीजन के केरलापाल एरिया कमेटी में सक्रिय रहते हुए सुकमा जिले के कई बड़ी वारदातों में शामिल रहे हैं।

सुदूर क्षेत्रों में हुए नवीन सुरक्षा कैंपों की स्थापना व नक्सल ऑपरेशन से मिल रही लगातार सफलताओं से जिला सुकमा में माओवादी संगठन अब समाप्ति की ओर अग्रसर है। समर्पित नक्सलियों में दो लाख का ईनामी पोड़ियाम बुधरा समेत 29 नक्सलियों ने एसपी दफ्तर में एसपी किरण चव्हाण, कमाण्डेन्ट ▶▶| शेष पेज 6पर

### हिंसा नहीं, विकास ही भविष्य : साय

सुकमा के गोंडा क्षेत्र में 29 भटके युवाओं ने चुना शांति और सम्मान का मार्ग छत्तीसगढ़ में शांति, विश्वास और विकास की दिशा में एक और ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज हुई है। सुकमा जिले के गोण्डा क्षेत्र में सक्रिय रहे 29 भटके युवाओं ने हिंसा और भटकाव का मार्ग छोड़कर समाज की मुख्यधारा से जुड़ने का संकल्प लिया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि यह केवल आत्मसमर्पण नहीं, बल्कि उस भरोसे, सुरक्षा और स्थिरता का प्रमाण है जो अब नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में लौट रहा है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि जहाँ कभी भय, दबाव और असुरक्षा का वातावरण था, वहां अब सुरक्षा शिविरों की सशक्त मौजूदगी, प्रशासन की सक्रियता और जनकल्याणकारी योजनाओं की पहुंच से हालात तेजी से बदल रहे हैं।

### सिंगापुर की अदालत में जांच अधिकारी का दावा

# नशे में थे जुबीन, लाइफ जैकेट पहनने से किया इंकार!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

मशहूर सिंगर जुबीन गर्ग की मौत का मामला अभी भी सुलझा नहीं है। अब इस मामले में एक बड़ी जानकारी सामने आई है। सिंगर की मौत सिंगापुर में हुई थी। अब सिंगापुर की एक अदालत को मुख्य जांच अधिकारी की ओर से आज बताया गया कि जुबीन गर्ग पिछले सितंबर में लाजरस द्वीप के पास अत्यधिक नशे में थे और लाइफ जैकेट पहनने से इंकार करने के बाद डूब गए थे। रिपोर्ट के अनुसार, मुख्य जांच अधिकारी ने अदालत को जांच की शुरुआत में बताया कि गायक ने पहले लाइफ ▶▶| शेष पेज 6 पर

### घटना के वक्त काफी नशे में थे जुबीन

अदालत को बताया गया कि जांच में पाया गया कि जुबीन के ब्लड में अल्कोहल की मात्रा 333 मिलीग्राम प्रति 100 मिलीलीटर थी, जो गंभीर नशा का संकेत देती है। पुलिस ने सिंगर के होटल के कमरे से 750 मिलीलीटर स्कॉच व्हिस्की की एक बोतल भी जब्त की, जिसमें 43 प्रतिशत अल्कोहल था और बोतल 25 प्रतिशत भरी हुई थी।



### मुंह और नाक से निकल रहा था झाग

यॉट के कैप्टन ने अपनी गवाही में कहा कि मैंने उनके दोस्त से कहा कि वह नशे में हैं। अगर वह पानी में जाना चाहते हैं, तो उन्हें लाइफ जैकेट पहननी चाहिए। रिपोर्ट के मुताबिक, जब कैप्टन ने जुबीन का सिर पानी से बाहर निकाला, तो उनके मुंह और नाक से बहुत सारा झाग निकल रहा था।

### सिंगापुर में परफॉर्मेंस के लिए गए थे जुबीन

आज जांच शुरू होने से पहले सिंगर के चाचा मनोज कुमार बोरठाकुर ने अदालत में अपना तैयार किया हुआ बयान पढ़ा, जिसमें उन्होंने जुबीन की मौत को लेकर परिवार की कई चिंताओं को उठाया। चाचा के कई सवालों के जवाब में राज्य कोरोनर एडम नखोदा ने कहा कि मांगी गई कुछ बातें मौत के कारणों से संबंधित नहीं थीं। बता दें कि 52 वर्षीय जुबीन गर्ग 19 सितंबर 2025 को एक यॉट ग्रुप के साथ थे।

### जुबीन ने पी थी शराब

*कई गवाहों का कहना है कि उन्होंने जुबीन को शराब पीते देखा था। जांच अधिकारी ने उस दिन की घटनाओं का सिलसिलेवार ब्योरा देते हुए कहा कि पहली बार तैरते समय गर्ग ने अपनी लाइफ जैकेट उतार दी और बाद में यॉट पर वापस चले गए और उन्हें थका हुआ कहते हुए सुना गया। जब उन्होंने दोबारा तैरना शुरू किया, तो उन्हें एक दूसरी, छोटी लाइफ जैकेट दी गई, लेकिन उन्होंने उसे पहनने से इनकार कर दिया। वे बिना लाइफ जैकेट के पानी में उतरे।*

# चिंतन

## दुनिया में गंभीर संकट पैदा कर रहे ईरान के बिगड़ते हालात

ईरान में बिगड़ते हालात (आर्थिक संकट, सरकार विरोधी प्रदर्शन और हालिया इजराइल-ईरान संघर्ष के बाद की स्थिति) दुनिया को युद्ध की ओर धकेल रहे हैं, क्योंकि इससे क्षेत्रीय अस्थिरता बढ़ रही है, जिससे एक बड़े टकराव की आशंका पैदा हो गई है, खासकर अमेरिका और इजराइल के साथ। इस बीच भारत ने भी ईरान में अपने नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी कर कहा कि जो भी भारतीय नागरिक, चाहे वे छात्र हों, तीर्थयात्री हों, व्यापारी हों या पर्यटक, इस समय ईरान में हैं, उन्हें जल्द से जल्द वहां से निकल जाना चाहिए। सभी भारतीय नागरिकों को सावधानी बरतनी चाहिए। विरोध प्रदर्शन या भीड़भाड़ वाली जगहों से दूर रहें। ईरान की बदलती परिस्थितियों को देखते हुए यह सलाह जारी की गई है। वहीं, विश्लेषकों का कहना है कि ईरान कमजोर हुआ है और आंतरिक असंतोष के बीच सरकार दबाव में है, जबकि बाहरी शक्तियां हस्तक्षेप की फिराक में हैं, जिससे स्थिति और विस्फोटक हो सकती है। किसी भी छोटी सी चूक से क्षेत्र में बड़ा संघर्ष छिड़ सकता है और विश्वभर में गंभीर संकट पैदा हो सकता है। ईरान में अमेरिका के दखल के बाद से हालात और पेचिदा हो रहे हैं। हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का ट्रुथ सोशल पर ईरानी प्रदर्शनकारियों से कहना कि मदद रास्ते में है। ईरानी देशभक्तों, विरोध जारी रखिए। हत्यारों और अत्याचारियों के नाम सुरक्षित रखिए। वे इसकी भारी कीमत चुकाएंगे। ट्रंप की इस टिप्पणी के गंभीर मायने हैं। इससे दुनिया में तनाव बढ़ गया है। अमेरिका के करीबी तीन खाड़ी अरब देश सऊदी अरब, कतर और ओमान ईरान पर किसी भी तरह की सैन्य कार्रवाई को रोकने की कोशिश कर रहे हैं। ये डिप्लोमैटिक लेवल पर सक्रिय हैं, क्योंकि ट्रम्प ने ईरान के खिलाफ कार्रवाई की धमकी दी है। हालांकि ट्रंप ने ईरान के खिलाफ मिलिट्री कार्रवाई का प्लान फिलहाल होल्ड पर रख दिया है, लेकिन अमेरिकी सेना को तैयार रहने के लिए कहा गया था, ताकि आदेश मिलते ही तुरंत एक्शन लिया जा सके। अब सवाल यह है कि अमेरिका आखिर चाहता क्या है। क्योंकि ट्रंप दुनिया को अस्थिरता की ओर धकेल रहे हैं। इसके गंभीर परिणाम सामने आएंगे। अगर अमेरिका ईरान पर हमला करता है तो वह कतर से ईरान को निशाना बना सकता है। चूंकि कतर को मध्य पूर्व में अमेरिका का अहम सैन्य साझेदार माना जाता है। यहां स्थित अल उदीद एयर बेस अमेरिका का सबसे बड़ा और रणनीतिक सैन्य अड्डा है, जहां 10 हजार से ज्यादा अमेरिकी सैनिक, आधुनिक फाइटर जेट और ड्रोन तैनात हैं। इसके अलावा पाकिस्तान भी हमले के लिए अमेरिका को अपना एयरबेस देने के लिए तैयार है। इस तरह के हालात डरावने हो सकते हैं। निश्चित रूप से युद्ध जैसी स्थिति के परिणाम दुनिया के लिए गंभीर खतरा होंगे। ईरान में सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के ख़िलाफ़ सड़कों पर उबाल जारी है। एक अधिकारिक रिपोर्ट के मुताबिक ईरान में अब तक करीब 3,000 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं, प्रदर्शनकारियों को आतंकवादी करार देते हुए उन्हें कुचला जा रहा है, लेकिन यह केवल आंतरिक हिंसा नहीं है, बाहर से अमेरिका इस आग में घी डालने का काम लगातार कर रहा है। अब ईरान सरकार जल्द से जल्द आर्थिक सुधार लागू करे और साथ ही धार्मिक कट्टरता कम करके उदार और प्रगतिशील साथियों की मदद ले, उसी से पूंजीवादी गिद्धों को दूर रखा जा सकेगा और बाहरी ताकतों को रोककर देश में शांति व्यवस्था को कायम किया जा सकेगा।



ऊर्जा नीति
रोहित माहेश्वरी

# भारत में सौर ऊर्जा का तेजी से होता विस्तार

> भारत में सौर ऊर्जा का तेजी से विस्तार होना एक बड़ी सफलता माना जा रहा है, जो वर्ष 2014 में मात्र 3 गीगावाट से बढ़कर वर्ष 2025 में लगभग 129 गीगावाट तक पहुंच गई है। इसमें ग्राउंड-माउंटेड प्रोजेक्ट, रूफटॉप सोलर, हाइब्रिड सिस्टम और ऑफ-ग्रिड इंस्टॉलेशन शामिल हैं। बड़े सौर पार्कों के साथ-साथ लाखों घरों पर लगे रूफटॉप सिस्टम अब बिजली पैदा कर ग्रिड में ऊर्जा पहुंचा रहे हैं। अब भारत को वर्ष 2030 तक 500 गीगावाट गैर-जीवाश्म ईंधन क्षमता हासिल करने के लिए प्रेरित करती है। भारत की सौर ऊर्जा क्षमता जुलाई 2025 तक 4,000 प्रतिशत बढ़ गई थी और देश की कुल नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता 227 गीगावाट तक पहुंच गई थी।

मोदी सरकार के प्रयासों से भारत की सौर ऊर्जा क्षमता में पिछले दशक में उल्लेखनीय रूप से विस्तार हुआ है। विशाल सौर पार्कों से लेकर शहरों, कस्बों और गांवों की नीली छतों तक, हर जगह सोलर पैनल नजर आते हैं। सिर्फ एक दशक पहले, भारत का सौर ऊर्जा परिदृश्य अपनी प्रारंभिक अवस्था में था, जहां सोलर पैनल केवल कुछ छतों और रेगिस्तानों में ही दिखते थे। आज, देश इतिहास रचने की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है। भारत आधिकारिक तौर पर जापान को पीछे छोड़कर दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा सौर ऊर्जा उत्पादक देश बन गया है। असल में, नवीकरणीय ऊर्जा देश की जलवायु रणनीति का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

भारत में सौर ऊर्जा का तेजी से विस्तार होना एक बड़ी सफलता माना जा रहा है, जो वर्ष 2014 में मात्र 3 गीगावाट से बढ़कर वर्ष 2025 में लगभग 129 गीगावाट तक पहुंच गई है। इसमें ग्राउंड-माउंटेड प्रोजेक्ट, रूफटॉप सोलर, हाइब्रिड सिस्टम और ऑफ-ग्रिड इंस्टॉलेशन शामिल हैं। बड़े सौर पार्कों के साथ-साथ लाखों घरों पर लगे रूफटॉप सिस्टम अब बिजली पैदा कर ग्रिड में ऊर्जा पहुंचा रहे हैं। दरअसल, भारत उष्णकटिबंधीय क्षेत्र में स्थित है, जहां कर्क रेखा कई राज्यों से होकर गुजरती है। इससे देश में सौर ऊर्जा उत्पादन की अपार संभावनाएं हैं। भारतीय महाद्वीप की कुल सौर ऊर्जा क्षमता 748 गीगावाट है। राजस्थान, जम्मू-कश्मीर, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और आंध्र प्रदेश जैसे राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में देश की सबसे अधिक सौर ऊर्जा क्षमता है, जो उन्हें भारत के स्वच्छ ऊर्जा विकास के प्रमुख चालक बनाती है। चूंकि सौर ऊर्जा अब भारत के ऊर्जा मिश्रण का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुकी है तथा भारत को वर्ष 2030 तक 500 गीगावाट गैर-जीवाश्म ईंधन क्षमता हासिल करने के लिए प्रेरित करती है। भारत की सौर ऊर्जा क्षमता जुलाई 2025 तक 4,000 प्रतिशत बढ़ गई थी और देश की कुल नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता 227 गीगावाट तक पहुंच गई थी। जम्मू-कश्मीर का पल्ली गांव एक उल्लेखनीय उदाहरण बन गया, जो पूरी तरह से सौर ऊर्जा पर चलने के कारण भारत की पहली कार्बन-न्यूट्रल पंचायत के रूप में उभरा। भविष्य की ऊर्जा मांगों को पूरा करने के लिए ऊर्जा भंडारण और नई तकनीकों को अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया गया। देश में राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र तथा तमिलनाडु शीर्ष सौर उत्पादक राज्यों में शामिल हैं, जिनमें राजस्थान की सौर क्षमता अत्यधिक है तथा वहां निरंतर विस्तार के लिए महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं। पीएम सूर्य घर मिशन, नवीकरण ऊर्जा और नेट-जीरो उत्सर्जन की ओर भारत के प्रयासों के मुख्य स्तंभों में से एक है। 13 फरवरी 2024 को मंत्रिमंडल की मंजूरी के साथ शुरू की गई इस योजना का कुल खर्च 75,021 करोड़ रुपये है। इसका मकसद एक करोड़ घरों को रूफटॉप सौर ऊर्जा प्रणाली देना है, जिससे हर महीने 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली मिलेगी। यह योजना नवीकरण ऊर्जा स्त्रोत अपनाने को बढ़ावा देती है, जिससे भारत के कार्बन फुटप्रिंट को कम करने के वादे को समर्थन मिलता है। दिसंबर 2025 तक, 23.9 लाख घरों में पहले ही 7 जीडब्ल्यू स्वच्छ ऊर्जा की स्थापित क्षमता के साथ रूफटॉप सोलर लगाए जा चुके हैं और पीएम सूर्य घर के तहत 13,464.6 करोड़ रुपये की सब्सिडी जारी की गई है, जिससे यह योजना 1 करोड़ सौर ऊर्जा आधारित घरों के अपने लक्ष्य को पाने की राह पर है। सरकारी आंकड़ों के



मुताबिक सब्सिडी योजना के तहत लगभग 24 लाख घरों में सौर ऊर्जा प्लांट लगे हैं। पीएम-कुसुम योजना किसानों को डीजल के बजाय सौर ऊर्जा का उपयोग करने में सहायता करती है। सरकार बिजली ग्रिड से जुड़े बड़े सौर ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना के लिए 'सोलर पार्कों और अल्ट्रा मेगा सौर ऊर्जा परियोजनाओं का विकास' नामक एक योजना चला रही है। गौरतलब है कि वर्ष 2014 के बाद भारत की सोलर पीवी सेल बनाने की क्षमता लगभग 21 गुना बढ़ गई है। मध्य प्रदेश स्थित ओंकारेश्वर फ्लोटिंग सोलर पार्क, एशिया के सबसे बड़े फ्लोटिंग सोलर पार्कों में से एक है, जिसकी नियोजित क्षमता 600 मेगावाट है। इसकी लागत 330 करोड़ रुपये है, जिसमें केंद्र सरकार 49.85 करोड़ रुपये का सहयोग प्रदान करेगी। सौर ऊर्जा की बढ़त से भारत की कोयले पर निर्भरता कम हो गई है। हालांकि थर्मल और अन्य गैर-नवीकरणीय स्त्रोतों से अब भी कुल क्षमता का आधे से ज्यादा हासिल होता है। सौर ऊर्जा अब कुल ऊर्जा में 20 फीसदी से अधिक का योगदान करती है। यह एक उल्लेखनीय उपलब्धि तो है लेकिन इसके साथ एक चुनौती भी है। बेशक यह इस्तेमाल में साफ यानी प्रदूषण मुक्त है, लेकिन अगर सही तरीके से प्रबंधन न किया जाए तो सोलर पैनल पर्यावरण के लिए खतरा बन सकते हैं। सोलर पैनल का ज्यादातर हिस्सा रिसाइकल किया जा सकता है। इनमें कांच, एल्युमिनियम, चांदी और पॉलिमर होते हैं। लेकिन इनमें थोड़ी मात्रा में ही मौजूद सीसा और कैडमियम जैसी जहरीली धातुओं को अगर ठीक तरीके से संभाला न जाए तो ये मिट्टी और पानी को प्रदूषित कर सकती हैं। आमतौर पर सोलर पैनल लगभग 25 साल तक चलते हैं, उसके बाद उन्हें हटाकर फेंक दिया जाता है। फिलहाल भारत में सौर कचरे को रिसाइकल करने के लिए अलग से कोई बजट नहीं है और पुराने पैनलों को प्रोसेस करने के लिए कुछ छोटे-छोटे केंद्र ही हैं। भारत के पास सौर कचरे का कोई आधिकारिक आंकड़ा नहीं है। एक अध्ययन के मुताबिक 2023 तक लगभग 1 लाख टन और 2030 तक 6 लाख टन तक सौर कचरा पैदा हो सकता है। अभी यह मात्रा कम है, लेकिन विशेषज्ञ चेतावनी देते हैं कि कचरे का असली बोझ आगे आने वाला है। ऊर्जा, पर्यावरण और जल परिषद (सीईईडब्ल्यू) के एक नए अध्ययन के मुताबिक, भारत में 2047 तक 1.1 करोड़ टन से ज़्यादा सौर कचरा पैदा हो सकता है। इसे सुरक्षित रूप से ठिकाने लगाने के लिए लगभग 300 विशिष्ट रीसाइक्लिंग केंद्र चाहिए होंगे और अगले दो दशक में करीब 47.80 करोड़ डॉलर का निवेश करना होगा। संभावित खतरों को देखते हुए भारत में 2022 में सोलर पैनलों को ई-वेस्ट नियमों के तहत लाया गया। इससे अब यह निर्माताओं की जिम्मेदारी है कि पैनलों की उम्र पूरी होने पर वे (निर्माता) उन्हें इकट्ठा करें, स्टोर करें, तोड़ें और रिसाइकल करें। इसमें कोई दो राय नहीं है कि भारत की सौर ऊर्जा की यात्रा इस बात का उदाहरण है कि कैसे लक्षित नीति, प्रौद्योगिकी नवाचार और रणनीतिक सहयोग किसी देश के ऊर्जा परिदृश्य को बदल सकते हैं। असल में सौर ऊर्जा न केवल भारत के नवीकरण ऊर्जा मिश्रण की रीढ़ बन गई है, बल्कि सतत आर्थिक विकास, ऊर्जा सुरक्षा और क्लाइमेट लीडरशिप के लिए अहम कारक है। अंतरराष्ट्रीय सौर अलायंस और ओएसओडब्ल्यूओजी जैसी पहलों के जरिए वैश्विक भागीदारी के साथ बड़े पैमाने पर योजनाओं पर अमल के साथ, भारत यह दिखा रहा है कि सौर ऊर्जा एक घरेलू समाधान और वैश्विक स्वच्छ ऊर्जा प्रगति का जरिया, दोनों हो सकती है। जैसे-जैसे भारत अपनी सौर ऊर्जा क्षमता बढ़ा रहा है, नवाचार को बढ़ावा दे रहा है और सबको साथ लेकर चलने वाली पहुंच मुमकिन बना रहा है, यह एक मजबूत, निम्न-कार्बन वाले भविष्य की ओर एक साफ रास्ता बना रहा है-दुनिया को दिखा रहा है कि सौर ऊर्जा राष्ट्रीय और वैश्विक, दोनों तरह के जलवायु लक्ष्यों को पाने के लिए जरूरी है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

अंगीठी का दंश
मनोज कुमार अग्रवाल




## घर-घर में साइलेंट किलर जरा सी चूक जीवन पर भारी

इन दिनों देश के अनेक भागों में कड़ाके की ठंड पड़ने से तापमान शून्य से भी नीचे चला गया है। ऐसे में ताप के लिए चंद लोग कमरों में अंगीठी जलाकर सोने के कारण जहरीला धुआं चढ़ने से मृत्यु के शिकार हो रहे हैं। वहीं सैकड़ों लोग बिना वेंटिलेशन वाले बाथरूम में गैस गीजर के इस्तेमाल से आक्सीजन कम होने पर जान गंवा देते हैं। भारत के अलग-अलग हिस्सों से हर कुछ महीनों में एक जैसी खबरें सामने आती हैं। बाथरूम में नहाते समय गैस गीजर से निकली जहरीली गैस, दम घुटना और फिर अचानक बाथरूम में नहाने वाले की मौत हो जाना। ये खबरें चौंकाती जरूर हैं, लेकिन कुछ दिनों बाद भुला दी जाती हैं। यही भूल सबसे खतरनाक है। क्योंकि गैस गीजर कोई अचानक खराब होने वाली मशीन नहीं, बल्कि एक ऐसा खामोश खतरा है, जो जरा सी लापरवाही पर जान ले सकता है। आपको पता हो कि कमरे में लकड़ी या कोयले की अंगीठी जलाकर रखने से 'ऑक्सीजन' की कमी हो जाती है और 'कार्बन मोनोआक्साइड' सीधे दिमाग पर असर डालती है, जो सांस के जरिए पूरे शरीर में फैल जाती है। इससे शरीर में ' हीमोग्लोबिन' कम हो जाने से व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है। इसी तरह बाथरूम में गैस गीजर चलाने पर भी आक्सीजन कम हो जाती है और कई लोग हर साल जान गंवा देते हैं। कुछ दुखद घटनाओं की बानगी देखिए 22 दिसंबर को यूपी के पीलीभीत में शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ले गुरुकुल पुरम में बाथरूम में गैस गीजर का प्रयोग करने के कारण ऑक्सीजन की मात्रा कम होने से डीआरडीए के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी और उनकी पत्नी की मौत हो गई। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ। नहाते समय पत्नी का दम घुटने पर पति उन्हें बचाने के लिए पहुंचा, लेकिन वह भी चपेट में आ गया और दोनों की मौत हो गई। 2 जनवरी को पंजाब के शिवसेना नेता दीपक कंबुज की 22 वर्षीय पुत्री मुनमुन की बाथरूम में दम घुटने से मौत हो गई। 27 दिसम्बर, 2025 को 'छपरा' (बिहार) में ठंड से बचने के लिए एक कमरे में अंगीठी जलाकर सो रहे 3 बच्चों और उनकी नानी की दम घुटने से मृत्यु हो गई तथा परिवार के 3 अन्य सदस्य गंभीर रूप से बीमार हो गए। इस घटना में मारे गए तीनों बच्चे रिश्ते में भाई-बहन थे जो सर्दी की छुट्टियों में ननिहाल आए हुए थे 31 दिसम्बर, 2025 को 'गयाजी' (बिहार) के 'कुर्किहार' गांव में कमरे के भीतर ठंड से बचने के लिए दरवाजा और खिड़की बंद करके अंगीठी जला कर सो रहे 'सुजीत कुमार' और 'अंशु कुमारी' नामक भाई-बहन तथा उनकी नानी 'मीना देवी' की दम घुटने से मौत हो गई। 8 जनवरी, 2026 को 'तरनतारन' (पंजाब) में 'गुरमीत सिंह' तथा उनकी पत्नी 'जसबीर कौर' की ठंड से बचने के लिए जला कर कमरे में रखी लकड़ियों की गैस से दम घुटने के कारण मौत हो गई। 8 जनवरी, 2026 को ही 'पटौदी' (हरियाणा) में ठंड से बचने के लिए कमरे में अंगीठी सुलगा कर सोना एक श्रमिक के परिवार पर आफत बन कर टूटा तथा दम घुटने से एक 11 वर्षीय बच्ची की मृत्यु एवं परिवार के 3 अन्य सदस्य गंभीर रूप से बीमार हो गए। 9 जनवरी, 2026 को 'हजारीबाग' (झारखंड) के 'बानादाग' गांव में कड़ाके की ठंड से बचने के लिए कमरे में अंगीठी जलाकर सो रहे दम्पति की दम घुटने से जान चली गई। 9 जनवरी, 2026 को ही 'कोडरमा' (झारखंड) के 'पूरना नगर' में ठंड से बचने के लिए बंद कमरे में कोयला जलाकर सो रहे पति-पत्नी 'वीरेंद्र शर्मा' और 'कांति देवी' की दम घुटने से मौत हो गई। 9 जनवरी, 2026 को ही 'उत्तर काशी' (उत्तराखंड) के 'चाम्पकोट' में कमरे में जल रही अंगीठी की गैस के कारण एक युवक की मृत्यु हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से बीमार हो गया। 10 जनवरी, 2026 को 'आरा' (बिहार) के 'छोटकी सिंगरी' गांव में एक कमरे में अपने माता-पिता और बहन के साथ ठंड से बचने के लिए अंगीठी जलाकर सो रहे 12 वर्षीय बच्चे 'बजरंगी सिंह' की मौत हो गई जबकि उसके माता-पिता और बहन गंभीर रूप से बीमार हो गए। और अब 11 जनवरी, 2026 को 'तरनतारन' (पंजाब) में ठंड से बचने के लिए अंगीठी जलाकर सो रहे' अर्शदीप सिंह' (20), उसकी पत्नी' जशनदीप कौर' (19) तथा 2 महीने के मासूम बेटे 'गुरबाज सिंह' की दम घुटने से मौत हो गई और 'अर्शदीप सिंह' का साला 'किशन सिंह' बेहोश हो गया। उक्त सब घटनाओं का सबक यही है कि बंद कमरे में अंगीठी नहीं जलानी चाहिए और यदि जलानी ही पड़े तो सोने से पहले उसे बुझा देना चाहिए ताकि धुआं पैदा न हो। स्थानीय प्रशासन और स्वयं सेवी संस्थाओं को भी चाहिए कि इस बारे लोगों को जागरूक करे, ताकि इस तरह की दर्दनाक और असामयिक मौतों से बचा जा सकें।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## मुंह के मौन से ज़्यादा ज़रूरी 'मन का मौन'



संकलित
दर्शन

हम सभी मनुष्य जन्मते ही अपना मुख चलाना शुरू कर देते हैं, जिसका प्रमाण है जन्म लेते ही शिशु का रोना। बोलना हमारी स्वाभाविक क्रिया है, जो हमें करनी ही पड़ती है। यह बात और है कि कभी-कभी बाहर के शोर में हम इतने खो जाते हैं कि ईश्वर का स्वर हमें सुनाई ही नहीं पड़ता। इसीलिए ही महापुरुषों से हमें एक उत्तम राय मिलती है कि सप्ताह में या माह में एक दिन अवश्य मौन रहें, परंतु हम मुख को तो बंद कर लेते हैं, परंतु हमारे मन का बोलना बंद नहीं हो पाता। इसलिए ही तो अधिकतर डाक्टर सभी मरीजों को कहते हैं कि 'अपने मन को ज्यादा नहीं चलाओ।' अर्थात 'मन का मौन' करो। कहते हैं कि बिना हड्डी की जीभ जब बोलने लगती है, तो कइयों की हड्डियां तोड़ देती है। इसीलिए तो हमें यह बचपन से सिखाया जाता है कि पहले सोचो फिर बोलो, क्योंकि जैसे कमान से निकला हुआ तीर वापस नहीं आता, ठीक उसी तरह मुख से निकला हुआ वचन भी वापस नहीं लिया जा सकता। इसका सबसे श्रेष्ठ उदहारण है महाभारत की कथा, जिससे हमें यह सीख मिलती है कि कैसे एक जुबान के फिसलने से संकटकाल का निर्माण हो गया। इसीलिए 'कम बोलें-धीरे बोलें-मीठा बोलें।' हम जब भी कुछ बोलें तो हमारे वचन दूसरों के लिए सुखदायी हों, न कि कांटा चुभाने वाले दुखदायी। संसार में ऐसे अनेक लोग हैं जिन्होंने कटु वचन बोलने के संस्कार के कारण अपने संबंधों में खटास पैदा कर ली है। इसलिए हमें सदैव सही समय और सही जगह पर सही शब्द का प्रयोग करना चाहिए।


## अर्जुन को विद्या पर था घमंड, शिवजी ने तोड़ा था



संकलित
प्रेरणा

महाभारत का प्रसंग है। कोरव और पांडवों का युद्ध तय हो गया था। दोनों ही पक्ष युद्ध की तैयारियां कर रहे थे। उस समय अर्जुन ने एक पर्वत पर देवराज इंद्र से दिव्यास्त्र पाने के लिए तप किया। देवराज इंद्र प्रकट हुए और उन्होंने कहा कि मुझसे दिव्यास्त्र लेने से पहले तुम्हें शिव जी को प्रसन्न करना होगा। इंद्र देव की बात मानकर अर्जुन ने शिव जी को प्रसन्न करने तप शुरू कर दिया। जिस जगह अर्जुन तप कर रहे थे, वहां एक दिन एक जंगली सूअर आ गया। सूअर एक मायावी दैत्य था। अर्जुन ने जैसे ही जंगली सूअर को देखा, उन्होंने अपने धनुष पर बाण चढ़ा लिया। तभी वहां किरात वनवासी पहुंच गया। किरात वनवासी कोई और नहीं, बल्कि शिवजी ही थे, जो वेष बदलकर आए थे। वनवासी ने अर्जुन को बाण चलाने से रोक दिया और कहा कि ये मेरा शिकार है। ये बात सुनने के बाद भी अर्जुन ने तीर सूअर की ओर छोड़ दिया। वनवासी ने भी उसी समय बाण छोड़ दिया। अर्जुन और वनवासी के बाण एक साथ उस सूअर को लगे। सूअर तो मर गया, लेकिन इन दोनों के बीच विवाद होने लगा। ये विवाद युद्ध तक पहुंच गया। युद्ध के बीच में वनवासी का एक बाण अर्जुन को लग गया। इसके बाद अर्जुन ने कुछ देर के लिए युद्ध रोका और मिट्टी का एक शिवलिंग पूजा की। पूजा में जो माला अर्जुन ने शिवलिंग पर चढ़ाई थी, वह उस वनवासी के गले में दिखाई देने लगी। ये देखकर अर्जुन समझ गए कि ये स्वयं शिव जी ही हैं।

# अंतर्मन




## आज की पाती

### मकर संक्रांति और संस्कृति

मकर संक्रांति का पर्व भारतीय संस्कृति में केवल एक तिथि नहीं, बल्कि ऋतु परिवर्तन, सामाजिक सहभागिता और लोकजीवन की जीवंत अभिव्यक्ति है। यह वह समय है जब सूर्य दक्षिणायन से उत्तरायण की ओर अग्रसर होता है और प्रकृति के साथ-साथ मानव जीवन में भी नई ऊर्जा का संचार होता है। इस पर्व से जुड़ी पतंगबाज़ी की परंपरा सदियों से चली आ रही है, जिसने समय के साथ स्वयं को केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं रखा, बल्कि सामाजिक, सांस्कृतिक और स्वास्थ्य संबंधी आयामों को भी अपने भीतर समाहित किया है। आज पतंग उड़ाना सिर्फ छतों पर खड़े होकर डोर खींचने का खेल नहीं, बल्कि सामूहिक उत्सव, मानसिक प्रसन्नता और शारीरिक सक्रियता का प्रतीक बन चुका है। *-गिरीश देवांगन, दुर्ग*

# करंट अफेयर

## मेरी किताब लोगों को जुड़ने करेगी प्रेरित : पद्मा लक्ष्मी

भारतीय-अमेरिकी टेलीविजन हस्ती और पाक कला विशेषज्ञ पद्मा लक्ष्मी ने कहा कि अमेरिका में मौजूदा वक्त 'अंधकारमय' है और साथ ही उन्होंने उम्मीद जताई कि उनकी नयी किताब ऐसे समय में अलग-अलग समुदायों के लोगों को एक-दूसरे के प्रति जिज्ञासा जगाने, संवाद करने और जुड़ने के लिए प्रेरित करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि यह दौर शायद और भी 'अंधकारमय हो जाएगा', फिर अंत में रोशनी की किरण दिखाई देगी। पाक कला पर लक्ष्मी की नवीनतम पुस्तक 'पद्माज़ ऑल अमेरिकन : टेल्स, ट्रेवल्स, एंड रेसिपीज़ फ्रॉम टेस्ट द नेशन एंड बियॉन्ड' अमेरिका की समृद्ध पाक कला और प्रवासी विविधता का संग्रह है। अमेरिका और दुनिया के अन्य हिस्सों में प्रवासियों के विरोध की बढ़ती भावना के समय में, लक्ष्मी ने आशा व्यक्त की है कि उनकी नयी पुस्तक लोगों में अन्य समुदायों के प्रति जिज्ञासा जगाएगी और उन्हें अन्य संस्कृतियों और देशवासियों से जुड़ने तथा संपर्क स्थापित करने में सक्षम बनाएगी। लक्ष्मी ने पिछले महीने यहां 'एशिया सोसाइटी' में 'द कल्चर ट्री' के साथ साझेदारी में आयोजित एक वार्ता के दौरान कहा, 'हमारा देश इस समय एक बहुत ही अंधकारमय दौर से गुजर रहा है और मुझे यह कहते हुए खेद हो रहा है कि प्रकाश वापस आने से पहले शायद यह और भी अंधकारमय होगा।'



# ऑफ बीट

## प्लास्टिक कप से निकल सकते हैं माइक्रोप्लास्टिक के कण

एक नए अध्ययन में दावा किया गया है कि प्लास्टिक या प्लास्टिक-लाइनिंग वाले कॉफी कप के गर्म पेय के संपर्क में आने पर बड़ी संख्या में माइक्रोप्लास्टिक कण निकल सकते हैं, जो सीधे पेय में मिल जाते हैं। शोध के अनुसार, तापमान माइक्रोप्लास्टिक के उत्सर्जन का सबसे अहम कारण है और कप की सामग्री इसमें निर्णायक भूमिका निभाती है। जैसे-जैसे पेय का तापमान बढ़ता है, प्लास्टिक से सूक्ष्म कणों के निकलने की दर भी बढ़ जाती है। अध्ययन में बताया गया है कि ऑस्ट्रेलिया में हर साल लगभग 1.45 अरब सिंगल-यूज हॉट बेवरेज कप इस्तेमाल किए जाते हैं, जबकि वैश्विक स्तर पर यह संख्या करीब 500 अरब प्रतिवर्ष है। यह संख्या अधिक भी हो सकती है। इतने बड़े पैमाने पर उपयोग के कारण संभावित स्वास्थ्य जोखिम भी व्यापक हो सकते हैं। शोधकर्ताओं ने पहले 30 अध्ययनों का विश्लेषण किया, जिनमें पॉलीएथिलीन और पॉलीप्रोपाइलीन जैसे सामान्य प्लास्टिक के व्यवहार को परखा गया। इसमें पाया गया कि गर्म तरल के संपर्क में माइक्रोप्लास्टिक का उत्सर्जन कुछ सौ कणों से लेकर लाखों कण प्रति लीटर तक हो सकता है। वहीं, पेय को कप में कितनी देर तक रखा गया, यह उतना महत्वपूर्ण कारक नहीं पाया गया जितना उसका तापमान महत्वपूर्ण होता है।



# ट्रेंड

### मकर संक्रांति व पोंगल की बधाई



पोंगल का त्योहार हमें प्रकृति, परिवार और समाज के बीच एक अच्छा संतुलन बनाए रखने का महत्व सिखाता है। जमीन और सूरज के प्रति हमारी कृतज्ञता दिखाता है। मकर संक्रांति और पोंगल कि देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### देशवासियों के कल्याण की कामना



स्वसंस्कृति व स्वधर्म की रक्षा के लिए सरबंस दानी गुरु गोबिंद सिंह जी ने त्याग व बलिदान के जो आदर्श स्थापित किए थे, वे हर देशवासी के लिए आज भी प्रेरणास्रोत हैं। आज अहमदाबाद के थलतेज में गुरुद्वारा गोबिंद धाम में मत्था टेक कर देशवासियों के कल्याण की कामना की।

-अमित शाह, गृह मंत्री

### वेटरन्स को उचित सम्मान



सेना से सेवानिवृत्त होने के बाद जीवन का एक नया अध्याय शुरू होता है। सरकार का प्रयास है कि यह अध्याय गरिमा और आत्मनिर्भरता से परिपूर्ण हो। अपने वेटरन्स के साथ-साथ हम उन सैनिकों को भी उचित सम्मान दे रहे हैं, जिन्होंने राष्ट्र के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया है।

-राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री

### तमिल संस्कृति पर हमला



सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की ओर से 'जना नायकन' को रोकने की कोशिश तमिल संस्कृति पर हमला है। मिस्टर मोदी, आप कभी भी तमिल लोगों की आवाज को दबाने में सफल नहीं होंगे। भारत लोकतांत्रिक देश है व लोकतंत्र का मतलब है कि हर नागरिक की आवाज सुनी जाए।

-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

बिलासपुर
गुरुवार 15 जनवरी 2026
माघ कृष्ण पक्ष द्वादशी
वर्ष : 25, अंक : 294
पृष्ठ : 12+6 = 18 मूल्य : 5.00***

मौसम
अधि. 28.2
न्यून. 13.4

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



7 इंग्लिश लीग कप : फाइनल की...
विचार पेज
2 भारत में सौर ऊर्जा का तेजी से होता



पूरे माह रहें एक्टिव, फ़िट व स्वस्थ
✓ खून की कमी
✓ कमर व पेडू में दर्द
✓ चिड़चिड़ापन
✓ तनाव, कमज़ोरी
✓ हथेली व तलवों में जलन
✓ खून साफ़ करे
✓ रूप निखारे आदि में सहायक
Helpline: 011-23261111



90 वर्षों से महिलाओं की No.1 औषधि व टॉनिक
हेमपुष्पा
सेहत से समझौता न करें, सर्वोत्तम हेमपुष्पा ही लें

# बीसीसीआई को स्टेडियम सौंपने के बाद ऊंची उड़ान, मैच मिल रहे, नवा रायपुर में भी क्रिकेट अकादमी भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर


नवा रायपुर स्थित शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम को बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड) को सौंपने का असर अब दिखाई देने लगा है। सरकार के इस फैसले के बाद यहां स्टेडियम में मैच मिलने शुरू हो गए हैं। आईपीएल टी 20 के दो मैच यहां होना तय है। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ में पहली क्रिकेट अकादमी शुरू होने का रास्ता भी साफ हो गया है, इसके लिए सरकार नवा रायपुर में 15 एकड़ जमीन देने पर सहमत हो गई है। आठ एकड़ जमीन दी जा चुकी है, सात एकड़ देने पर विचार किया जा रहा है।

राज्य में अंतराष्टीय क्रिकेट स्टेडियम बनाने की पहल राज्य निर्माण के बाद तत्कालीन राज्य सरकार ने की थी। इसके बाद पूर्ववर्ती सरकारों के कार्यकाल में स्टेडियम बनकर तैयार हुआ था। स्टेडियम बनने के बाद भी यहां बड़े क्रिकेट मैच के आयोजन इक्का-दुक्का ही हो पाए थे। इधर उपयोग न होने की वजह से स्टेडियम की हालत खस्ता हो रही थी। वजह ये थी कि स्टेडियम का रखरखाव सही तरीके से नहीं हो पा रहा था। हाल ही में राज्य की भाजपा सरकार ने इस स्टेडियम को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड को देने का फैसला कर इसे हस्तांतरित भी कर दिया है।

## नवा रायपुर में क्रिकेट संघ को 15 एकड़ जमीन देने पर सहमति

### और ये लाभ भी मिलेंगे राज्य को

नवा रायपुर के क्रिकेट स्टेडियम को बीसीसीआई के हवाले करने से छत्तीसगढ़ को कुछ और लाभ भी होंगे। यहां राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय एवं टी 20 क्रिकेट मैच होने से रायपुर में पर्यटन उद्योग को सीधा लाभ मिलेगा। इसके साथ ही देश-दुनिया के नक्शे में रायपुर की एक अलग पहचान भी बनेगी। आईपीएल टी 20 के लिए एक टीम ने नवा रायपुर के स्टेडियम को होम ग्राउंड बनाने का निर्णय भी लिया है।



### अब दिखने लगा ये बदलाव

राज्य सरकार द्वारा स्टेडियम को बीसीसीआई को दिए जाने के फैसले का असर अब दिखाई देने लगा है। खास बात ये है कि इसी साल होने वाले आईपीएल टी 20 के यहां दो मैच कराए जाने की तैयारी हो चुकी है। जाहिर है ये मैच होने से स्टेडियम का रखरखाव बेहतर होगा और जो कमियां होंगी उन्हें सुधार कर गुणवत्ता के मापदंड पर लाया जा सकेगा। क्रिकेट अकादमी की राह साफक्रिकेट स्टेडियम को बीसीसीआई के हवाले करने के दूसरे प्रभाव भी अब सामने आ रहे जिससे राज्य में क्रिकेट के विस्तार होने की पूरी संभावना है। दरअसल राज्य में एक क्रिकेट अकादमी शुरु करने की तैयारी है। उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार राज्य सरकार क्रिकेट अकादमी के लिए नवा रायपुर में 15 एकड़ जमीन देने के लिए सहमत हो गई है। यह जमीन छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ को दी जाएगी। यह संगठन यहां अकादमी प्रारंभ करेगा।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रपति आज से पंजाब राजस्थान के दौरे पर

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू गुरुवार को पंजाब और राजस्थान के दो दिवसीय दौरे पर रवाना होंगी। राष्ट्रपति गुरुवार को अमृतसर में गुरु नानक देव विश्वविद्यालय के 50वें वार्षिक दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी। 16 जनवरी को राष्ट्रपति मुर्मू जालंधर स्थित डॉ. बीआर आंबेडकर राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान के 21वें दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी।



### स्कूल को बम धमकी तलाशी अभियान जारी

**लुधियाना।** पंजाब के लुधियाना में अदालत परिसर और मोगा के एक स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी वाला ईमेल मिलने के बाद बुधवार को दोनों स्थानों पर गहन तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। इसके साथ ही, वहां सुरक्षा व्यवस्था भी कड़ी कर दी गई है। लुधियाना में अदालत परिसर को पूरी तरह सील कर दिया गया है और वहां आवाजाही भी प्रतिबंधित कर दी गई है।

### कृत्रिम नस्ल गाय, 10 माह में 3000 किलो दूध

**नई दिल्ली।** भारत ने गायों की दो कृत्रिम नस्लों का पंजीकरण किया है जो 10 महीने की अवधि में 3,000 किलोग्राम से अधिक दूध देने में सक्षम हैं। यह उत्पादन देसी नस्ल वाली गायों की तुलना में बहुत अधिक है जो आम तौर पर 1,000 से 2,000 किलोग्राम दूध ही देती हैं। इसके साथ ही देश में पंजीकृत पशुधन और कुक्कुट नस्लों की कुल संख्या बढ़कर 246 हो गई है।



### डा. चंदन को आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी सम्मान

**नई दिल्ली।** सहायक प्रोफेसर डॉ चंदन तिवारी को उनके शोध प्रबंध के लिए प्रथम 'आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी शोध' सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। 'आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी मेमोरियल ट्रस्ट' ने यहां जारी एक बयान में बताया कि वरिष्ठ साहित्यकार डॉ विश्वनाथ त्रिपाठी की अध्यक्षता वाले छह सदस्यीय निर्णायक मंडल ने डॉ तिवारी के शोध प्रबंध 'आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी का भाषा चिंतन' को शोध सम्मान के लिए चयनित किया है।

## मकर संक्रांति पर पतंग के साथ जानलेवा डोर, इंदौर में चार का कटा गल

# चाइनीज मांझे ने ली यूपी के डॉक्टर की जान कर्नाटक-गुजरात में 3 बाइक सवारों की मौत

*मकर संक्रांति पर पतंगबाजी के दौरान चाइनीज मांझा लोगों की काल बन गया। गुजरात में गला कटने से दो युवकों की मौत हो गई। वहीं, यूपी के जौनपुर में मांझे से गर्दन कटने से एक डॉक्टर की मौत हो गई। कर्नाटक में भी मांझे से गला कटने से एक 48 साल के बाइक सवार की मौत हो गई। इधर, मध्यप्रदेश के इंदौर और राजस्थान के बांसवाड़ा में दो बाइक सवारों की चाइनीज मांझे से गर्दन कट गई। दोनों अस्पताल में एडमिट हैं।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले में चीनी मांझे की चपेट में आने स एक चिकित्सक की मौत हो गई। यह घटना लाइन बाजार थानाक्षेत्र के पचहटिया गांव के पास प्रसाद इंटरनेशनल स्कूल के सामने हुई। पुलिस अधीक्षक (नगर) आयुष श्रीवास्तव ने बताया कि केराकत कोतवाली क्षेत्र निवासी डॉ. मोहम्मद शमीर फिजियो थेरेपीस्ट और एक निजी चिकित्सक थे। उन्होंने बताया कि डॉ. शमीर बुधवार सुबह मोटरसाइकिल से जौनपुर मुख्यालय किसी चिकित्सक से मिलने आए थे और वापस लौटते समय प्रसाद इंटरनेशनल स्कूल के पास अचानक सड़क पर फैले चीनी मांझे की चपेट में आ जाने से उनकी गर्दन बुरी तरह कट गई। मौके पर पहुंचे यातायात निरीक्षक सुशील मिश्र ने तत्काल घायल को जिला अस्पताल भिजवाया, जहां उनकी मौत हो गई।

■ देशभर में बैन, फिर भी खुलेआम बिक रहा चाइनीज मांझा

### चाइनीज मांझा क्यों है बैन

चाइनीज मांझा ज्यादातर प्रदेशों में बैन कर दिया गया है, जिसकी वजह इसकी खतरनाक शैली है। दरअसल ये मांझा इतना खतरनाक होता है कि इससे हर साल कई लोगों की जान चली जाती है और कई लोग घायल हो जाते हैं। इसकी वजह से इसके इस्तेमाल को बंद करने के लिए कहा जाता है लेकिन लोग इस बात को अमल में नहीं लाते इसलिए इसपर बैन लगाया जाता है।



### बेटी को घर लाने जा रहा था युवक

बेंगलुरु में पतंग की डोर (मांझे) से गला कटने से एक व्यक्ति की बुधवार को मौत हो गई। मृतक की पहचान संजीव कुमार होसमानी (48) के रूप में हुई, जो बीदर तालुक के बंबुलगी गांव का निवासी था। पुलिस के अनुसार, चिटगुप्पा में कांच का लेप चढ़ा मांझा मोटरसाइकिल चला रहे होसमानी के गले में उलझ गया।

### इंदौर में चार युवक चपेट में आए

इंदौर में चाइनीज मांझे से बुधवार को कुछ ही घंटों में चार लोग चपेट में आ गए। पहला हादसा भंवरकुआं इलाके में हुआ, जहां बाइक से जा रहे एक युवक का चाइनीज मांझे से गला कट गया। सड़क पर खून बहने लगा। उसे उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराय गया है। हेमराज रविंद्र चौरसिया, 115 चांदमारी ईंट का भट्टा का निवासी है। दूसरा हादसा परदेशीपुरा में हुआ। यहां नंदानगर निवासी महेश सोनी को चाइनीज मांझे से गले में चोट आई है।

### कैसे बनाया जाता है चाइनीज मांझा?

चाइनीज मांझे को कुछ लोग प्लास्टिक का मांझा भी कहते हैं। ये प्लास्टिक का मांझा या कहें चाइनीज मांझा दूसरे मांझों की तरह धागों से तैयार नहीं किया जाता, बल्कि इसे नायलॉन और मैटेलिक पाउडर से बनाया जाता है। ये मांझा प्लास्टिक की तरह लगता है और स्ट्रेचेबल होता है। ऐसे में जब हम इस मांझे को खींचते हैं तो ये टूटने की बजाय और बड़ा हो जाता है। इस मांझे को काटना भी काफी मुश्किल होता है। इसके बाद इस मांझे पर कांच या लोहे के चूरे से धार भी लगाई जाती है।

# मोदी की संपत्ति में 82 फीसदी तो राहुल की संपत्ति में 117 फीसदी का इजाफा



*एडीआर रिपोर्ट में राजनेताओं की 2014 से 2024 तक की संपति का दिया गया ब्योरा*

**नई दिल्ली।** एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफार्म्स (एडीआर) ने लोकसभा सांसदों की संपत्तियों के ब्योरे को एक रिपोर्ट जारी किया है। इनमें पीएम मोदी समेत विपक्ष नेता राहुल गांधी की संपत्ति का भी ब्योरा भी शामिल हैं। एडीआर ने अपने रिपोर्ट में साल 2014 से लेकर 2024 तक का डेटा लिया है। रिपोर्ट में बताया गया कि एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स और नेशल इल्केशन वॉच ने लोकसभा चुनाव 2014 से 2024 में दोबारा सांसद चुने जाने वाले 102 सांसदों के शपथपत्रों का विश्लेषण किया है।

### कितनी बढ़ी पीएम की आय?

एडीआर रिपोर्ट में प्रधानमंत्री मोदी की संपत्ति का ब्योरा दिया गया कि जिसमें बताया गया कि पीएम मोदी की 2014 में 16.59 करोड़ रुपये से अधिक थी, 2019 में यह 25.13 करोड़ रुपये से अधिक हो गई। इसके बाद 2024 में पीएम मोदी की संपत्ति बढ़कर 30.20 करोड़ रुपये हो गई। प्रधानमंत्री की आय में 82 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की है।

### राहुल की कितनी बढ़ी आय?


राहुल गांधी की 2014 लोकसभा चुनाव के दौरान आय 9.40 करोड़ रुपये से अधिक थी, 2019 में यह 15.88 करोड़ रुपये से अधिक थी। साल 2024 में यह आय 20.39 करोड़ रुपये से अधिक हो गई। राहुल गांधी की आय में 117 प्रतिशत बढ़ोतरी दर्ज की गई।

### इस सांसद की संपत्ति सबसे अधिक बढ़ी

रिपोर्ट में उन सांसदों के भी नाम बताए गए जिनकी संपत्ति सबसे अधिक बढ़ी। इनमें, मथुरा से भाजपा सांसद हेमा मालिनी का भी नाम शामिल हैं। रिपोर्ट में बताया गया कि महाराष्ट्र के सतारा से भाजपा सांसद उदयनराजे भोंसले की आय सबसे अधिक बढ़ी।

## रूस, ईरान, अफगानिस्तान समेत कई देशों पर पाबंदी

# अमेरिका ने रूस-ईरान समेत 75 देशों के लिए वीजा पर लगाई रोक



**न्यूयॉर्क/वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने लगभग 75 देशों के व्यक्तियों के लिए वीजा जारी करने की प्रक्रिया पर रोक लगा दी है। यह कदम उन ऐसे प्रवासियों पर नकेल कसने के प्रयासों का हिस्सा है जो सरकार पर बोझ बन सकते हैं।

अमेरिका के विदेश विभाग ने बुधवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, यह प्रतिबंध तब तक लागू रहेगा जब तक अमेरिका यह सुनिश्चित नहीं कर लेता कि नए अप्रवासी, अमेरिकी लोगों से धन-संसाधन का दोहन नहीं करेंगे। इस प्रतिबंध से सोमालिया, हैती ईरान और इरिट्रिया सहित कई देश प्रभावित हुए हैं, जिनके अप्रवासी अक्सर अमेरिका पहुंचने पर सरकार पर बोझ बन जाते हैं। बयान में कहा गया, हम यह सुनिश्चित करने के लिए काम कर रहे हैं कि अमेरिकी जनता की उदारता का अब दुरुपयोग न हो। ट्रंप प्रशासन हमेशा अमेरिका को सबसे पहले रखेगा। फॉक्स न्यूज डिजिटल द्वारा देखे गए विदेश मंत्रालय के एक ज्ञापन में अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि विभाग द्वारा जांच और सत्यापन प्रक्रियाओं की पुनर्समीक्षा किए जाने तक मौजूदा कानून के तहत वीजा देने से इनकार किया जाए।

### 21 जनवरी से शुरू होगी रोक

यह रोक 21 जनवरी से शुरू होगी और विभाग की ओर से वीजा प्रोसेसिंग के पुनर्मूल्यांकन किए जाने तक अनिश्चित काल तक जारी रहेगी। बता दें कि मिनेसोटा की घटना के बाद सोमालिया संघीय अधिकारियों की कड़ी निगरानी में आ गया है, जहां बड़े पैमाने पर घोटाले का खुलासा हुआ है। इस घोटाले में शामिल कई लोग सोमाली नागरिक या सोमाली-अमेरिकी हैं।

### नए स्क्रीनिंग नियमों को लागू करने का दिया था निर्देश

नवंबर 2025 में विभाग द्वारा दुनिया भर के दूतावासों को भेजे गए एक संदेश में कांसुलर अधिकारियों को आव्रजन कानून के तथाकथित 'सार्वजनिक प्रभार' प्रावधान के तहत व्यापक नए स्क्रीनिंग नियमों को लागू करने का निर्देश दिया गया था। इस गाइडलाइन में कांसुलर अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे उन आवेदकों को वीजा देने से इनकार कर दें जिनके सार्वजनिक लाभों पर निर्भर रहने की संभावना है। इसके लिए स्वास्थ्य, आयु, अंग्रेजी भाषा की दक्षता, वित्तीय स्थिति और यहां तक कि दीर्घकालिक चिकित्सा देखभाल की संभावित आवश्यकता सहित कई कारकों पर विचार किया जाएगा।

## डॉ. रमन ने की नितिन नबीन से मुलाकात



**नई दिल्ली।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने दिल्ली प्रवास के दौरान भाजपा के नव नियुक्त कार्यकारी अध्यक्ष और भाजपा छत्तीसगढ़ के प्रभारी नितिन नबीन से आत्मीय मुलाकात कर उन्हें नव दायित्व के लिए मंगलकामनाएं व्यक्त कीं। इस दौरान डॉ. रमन ने विभिन्न विषयों पर सार्थक चर्चा कर उनको उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

# झाड़ी साफ करने के दौरान फटा बम, तीन की मौत

एजेंसी ▶▶| हजारीबाग

हजारीबाग शहर के बड़ा बाजार इलाके में बुधवार की शाम झाड़ी साफ करने के दौरान जमीन के भीतर दबे बम में जोरदार विस्फोट हो गया। इस हादसे में पति-पत्नी समेत तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों में दो महिलाएं और एक पुरुष शामिल हैं। जानकारी के अनुसार, मोहम्मद सद्दाम हुसैन अपनी जमीन पर झाड़ी साफ कर रहे थे। इस दौरान उनकी पत्नी नन्ही परवीन और रशीदा परवीन भी वहीं मौजूद थीं।

■ हजारीबाग के बड़ा बाजार में धमाका

### मृतकों की हुई पहचान

मकर संक्रांति के अवसर पर हुए इस धमाके से पूरे इलाके में सनसनी और दहशत फैल गई। इस हादसे में जान गंवाने वालों की पहचान हो गई है। इनकी पहचान है- मो. सद्दाम (40), पिता- मोहम्मद यूनुस, नन्ही परवीन (32), पति- मोहम्मद सद्दाम, रशीदा परवीन (45), पति- मोहम्मद मुश्ताक।

## रेलवे का नया नियम लागू, 6 महीने तक चलेगा

# जनरल टिकट में छूट, रेलवन ऐप से 3% कम पर खरीदें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

रेन से सफर करने वाले यात्रियों के लिए अच्छी खबर है। अब जनरल टिकट खरीदना न सिर्फ आसान होगा, बल्कि सस्ता भी पड़ेगा। अगर आप रेलवे के 'रेलवन ऐप' के जरिए जनरल टिकट बुक करते हैं, तो आपको किराये में तीन प्रतिशत की छूट मिलेगी। यह खास ऑफर 14 जनवरी से शुरू होकर 14 जुलाई तक चलेगा।

रेलवे ने यह कदम डिजिटल पेमेंट को बढ़ावा देने और यात्रियों को सहूलियत देने के लिए उठाया है, ताकि लोग टिकट खिड़की की लंबी लाइनों से बच सकें और आसानी से अपना टिकट ले सकें। पीआरओ प्रशस्ति श्रीवास्तव ने जानकारी दी कि पहले ऐप पर जनरल टिकट बुक करते समय छूट का फायदा सिर्फ उन लोगों को मिलता था, जो आर-वॉलेट के जरिए पेमेंट करते थे। लेकिन अब रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए इसे सभी डिजिटल पेमेंट मोड पर लागू कर दिया है। इसका मतलब है कि अब आप चाहे यूपीआई, डेबिट-क्रेडिट कार्ड या नेट बैंकिंग का इस्तेमाल करें, आपको टिकट के पैसे पर तीन प्रतिशत की छूट जरूर मिलेगी। इससे डिजिटल लेनदेन को और भी ज्यादा बढ़ावा मिलेगा।

### दूसरे प्लेटफॉर्म पर नहीं मिलेगा डिस्काउंट

रेलवे अधिकारियों ने साफ किया है कि यह अतिरिक्त 3% छूट सिर्फ रेल वन ऐप पर ही उपलब्ध होगी। किसी अन्य ऑनलाइन प्लेटफॉर्म या वेबसाइट से जनरल टिकट बुक करने पर यह लाभ नहीं मिलेगा।





### आर-वॉलेट से भुगतान पर डबल फायदा

रेल वन ऐप से टिकट बुक कर यदि भुगतान आर वॉलेट के जरिए किया जाता है, तो यात्रियों को डबल लाभ मिलेगा। पहले से ही आर वॉलेट से जनरल टिकट बुकिंग पर 3% कैशबैक दिया जा रहा था। अब इसमें 3% अतिरिक्त छूट जुड़ने से कुल फायदा 6% तक पहुंच गया है।

### रेलवन ऐप क्या है?


रेलवन एक 'वन-स्टॉप सॉल्यूशन' ऐप है, जिसमें ट्रेन यात्रा से जुड़ी सभी जरूरी सेवाएं एक ही जगह मिलती हैं। यह ऐप एंड्रॉयड और आईओएस दोनों प्लेटफॉर्म पर मुफ्त उपलब्ध है। एक बार एम पिन या बायोमेट्रिक से लॉग-इन करने के बाद सभी सेवाओं का उपयोग आसानी से किया जा सकता है।



डॉक्टर्स सजेशन


**डॉ. आर. पी. सिंह** सीनियर फिजिशियन, एनसीआर


## जब अकसर सताए पेट में गैस की समस्या



**मेरी उम्र 38 वर्ष है। पिछले काफी महीनों से मुझे गैस प्रॉब्लम हो रही है। कभी कभार तो चक्कर और वॉमिट भी होने लगता है। इससे छुटकारा पाने के लिए मुझे क्या करना चाहिए?**

**-नरेश, भोपाल**

आपकी समस्या सुनकर ऐसा लग रहा है कि आपकी पाचन क्रिया प्रभावित है। इसके लिए आप अपनी खान-पान और लाइफस्टाइल में बदलाव करें। अधिक ऑयली, तला-भुना खाना बिल्कुल ना खाएं। दोपहर के खाने में सलाद जरूर खाएं। रात का खाना बिल्कुल हल्का करें और सोने से 3 घंटे पहले खाना खा लें। दूध रात में बिल्कुल ना लें। इस तरह बदलाव करने से आपको आराम मिलेगा।

**मेरी उम्र 34 वर्ष है। सर्दी के मौसम में मेरे बाल ज्यादा झड़ने लगते हैं। बालों में डेंड्रफ भी हो रही है। कृपया बताएं कि इस समस्या से निजात पाने के लिए मुझे क्या करना चाहिए?**

**-अंकुश, रायपुर**

सर्दियों के मौसम में बाल झड़ने की समस्या ज्यादा होती है, इसकी कई वजहें हैं। पहला डेंड्रफ अधिक होता है, लोग रोज तेज गर्म पानी से नहाते हैं, इसके साथ ही बाल ज्यादातर ढंक कर रखते हैं, इसलिए स्कैल्प को सनलाइट नहीं मिल पाती है। कोशिश करें कि नहाने के बाद थोड़ी देर धूप में बैठें। साथ ही ज्यादा गर्म पानी से ना नहाएं। पानी नॉर्मल होना चाहिए। तरह-तरह के शैंपू के इस्तेमाल से भी बचें।

**मेरी उम्र 46 वर्ष है। पिछले कुछ महीनों से मुझे बार-बार सर्दी-जुकाम की प्रॉब्लम हो रही है। दवाई लेने पर ठीक हो जाती है, कुछ दिनों बाद फिर से यही प्रॉब्लम शुरू हो जाती है। कृपया मेरी इस समस्या का कोई स्थाई समाधान बताने का कष्ट करें।**

**-गौतम, बिलासपुर**

आजकल बड़े शहरों में होने वाले प्रदूषण की वजह से इस तरह की समस्या लोगों में देखने को ज्यादा मिल रही हैं। इससे बचने के लिए आप कोशिश करें कि घर से बाहर मास्क लगाकर ही निकलें और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए विटामिन सी यानी खट्टे फल अधिक खाएं। कोशिश करें कि फ्रिज में रखी ठंडी डिशेज और ड्रिंक न खाएं-पिएं। दही ताजा ही खाएं। इस तरह बदलाव करने से राहत मिलेगी।

**मेरी उम्र 64 वर्ष है। मैं अकसर अपने यूरीन प्रेशर पर कंट्रोल नहीं कर पाता हूं। इसकी क्या वजह हो सकती है? कृपया इसके समाधान का कोई उपाय बताएं।**

**-राकेश, रोहतक**

बढ़ती उम्र में लोगों को प्रोस्टेट की समस्या देखी जाती है, आपकी समस्या सुनकर भी यही लग रहा है। हालांकि आजकल तो कम उम्र के लोगों में भी यह समस्या हो रही है। आपको एक बार यूरोलॉजिस्ट से संपर्क कर लेना चाहिए। अगर ज्यादा प्रॉब्लम हो रही है और ऑपरेट करने लायक होगा तो डॉक्टर जांच करने के बाद आपको सजेस्ट करेंगे। आपको कुछ एहतियात बरतने होंगे, जिनके बारे में डॉक्टर बताएंगे। बगैर जांच किए कोई भी दवा ना खाएं।

**मेरी उम्र 51 वर्ष है। जब कभी भी मैं ज्यादा चलता हूं या वॉक कर लेता हूं तो मेरे पैरों में सूजन हो जाती है। फिर अपने आप ठीक भी हो जाती है। कृपया बताएं कि ऐसा क्यों होता है?**

**-रामप्रकाश, बलौदा बाजार**

आपको शुगर की समस्या तो नहीं है और अगर है तो आपने शुगर जांच कराना चाहिए। कई बार शुगर बढ़ने की वजह से भी सूजन आ जाती है। हालांकि कई बार मांसपेशियों की वजह से ऐसी समस्या देखी जाती है। फिलहाल आप कोशिश करें कि कम से कम टहलें और एक बार डॉक्टर से संपर्क कर जांच करा लें। उसके बाद ही ट्रीटमेंट हो पाएगा। *

**प्रस्तुतिः रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**

अवेयरनेस


**डॉ. माजिद अलीम**


इन दिनों उत्तर और मध्य भारत के अधिकांश राज्यों में कड़ाके की ठंड हो रही है। ऐसे में हार्ट और बीपी पेशेंट्स को पूरी सावधानी बरतनी चाहिए। जरा सी लापरवाही आपके हार्ट पर भारी पड़ सकती है, जो बहुत रिस्की हो सकता है। ऐसे में यह जानना जरूरी है कि किस तरह आप अपने हार्ट की प्रॉपर केयर कर सकते हैं? इस बारे में यहां डिटेल में बता रहे हैं।

## ठिठुरती सर्दी के दिनों में हार्ट की करें प्रॉपर केयर



जनवरी महीने की ठंड में आमतौर पर लोग सर्दी-खांसी, फीवर से ग्रस्त होते रहते हैं। लेकिन यही ठिठुरन भरी सर्दी हमारे हृदय पर भी भारी पड़ सकती है, यह हममें से ज्यादातर लोग नहीं जानते हैं। दरअसल, सर्दियों में, खासकर दिसंबर मध्य से लेकर फरवरी की शुरुआत के बीच हार्ट अटैक और दिल से जुड़ी आपात स्थितियों के मामले भारत में सबसे ज्यादा दर्ज होते हैं। लेकिन विडंबना यह है कि ज्यादातर लोग इसे मौसम का मामूली असर मानकर नजरअंदाज कर देते हैं। जबकि हकीकत यह है कि ठंड शरीर के भीतर ऐसी कई प्रतिक्रियाएं शुरू कर देती है, जो हृदय के लिए बेहद खतरनाक साबित हो सकती हैं।

### ठंड का हार्ट पर असर

ठंड लगते ही शरीर अपनी गर्मी बचाने के लिए रक्त नलिकाओं को सिकोड़ने लगता है, इससे अचानक रक्तचाप बढ़ जाता है। दिल को उसी मात्रा में खून पंप करने के लिए तब ज्यादा जोर लगाना पड़ता है। जिन लोगों को पहले से ही हाई ब्लडप्रेशर, शुगर या दिल की बीमारी हो, उन्हें ठंड के मौसम में कोई भी खतरा मोल नहीं लेना चाहिए, क्योंकि जरा-सी लापरवाही ऐसे लोगों के लिए बहुत खतरनाक हो सकती है। कई मामलों में दिल की धमनियों में पहले से ही जमी चर्बी ठंड के कारण सिकुड़न और दबाव से टूट सकती है, जिससे अचानक हार्ट अटैक का खतरा पैदा हो जाता है।

### सुबह का समय सबसे रिस्की

जनवरी के महीने में खासतौर पर दिल के दौरे के मामले सबसे ज्यादा आते हैं और ये ज्यादातर दौरे सुबह के समय ही दर्ज होते हैं। इसका सबसे बड़ा कारण है कम तापमान। नींद से अचानक उठना और ठंडे फर्श पर पैर रखना तथा वैसी ही स्थिति में शारीरिक गतिविधियां शुरू कर देना रिस्क बढ़ा देता है। जनवरी का महीना खासतौर पर उन लोगों के लिए बेहद खतरनाक होता है, जो सुबह 5-6 बजे जगते हैं और मॉर्निंग वॉक के लिए चल पड़ते हैं। ऐसे लोगों को पता नहीं होता कि वे अनजाने में कितना बड़ा रिस्क ले रहे हैं। दरअसल, ठंड में शरीर की धमनियां पहले से ही संकुचित होती हैं और अचानक तेज चलना या कसरत करने पर दिल पर अतिरिक्त दबाव डालती हैं। इसलिए सर्दी के दिनों में सुबह की सैर टाल देनी चाहिए या फिर ऐसी जगह पर करनी चाहिए, जो चारो तरफ से बंद हो।

### बुजुर्गों के लिए ज्यादा खतरा

ठंड का असर उम्र के साथ और गहरा होता जाता है। बुजुर्गों में शरीर के तापमान को नियंत्रित करने की क्षमता कम हो जाती है। कई बार उन्हें ठंड का एहसास देर से होता है। इसलिए बुजुर्ग व्यक्तियों के लिए ठंड की ठिठुरन बहुत खतरनाक होती है। लेकिन इस उम्र के लोग उसे पहचान नहीं पाते। सीने में दबाव महसूस करना, सांस का रह-रहकर फूलना, असहज बेचैनी होना, इसे ठंड की वजह मानकर नहीं चलना चाहिए। ऐसी लापरवाही जानलेवा साबित हो सकती है।

### ब्लड सर्कुलेशन की समस्या

ठंड में चूंकि लोग कम पानी पीते हैं, इस कारण खून गाढ़ा हो जाता है। गाढ़े खून में थक्का बनने की आशंका बढ़ जाती है। यही थक्का या ब्लड क्लॉट वास्तव में हमारे दिल या दिमाग की किसी नली में अगर फंस जाता है, तो हार्ट अटैक या स्ट्रोक हो सकता है। इसके अलावा ठंड में प्रदूषण और कोहरे का असर सांस की नलियों पर पड़ता है, जिससे ऑक्सीजन की आपूर्ति प्रभावित होती है और उसका सीधा दबाव दिल पर पड़ता है। इसलिए सर्दियों में हार्ट अटैक बाकी सभी मौसमों के मुकाबले ज्यादा होते हैं। यही नहीं सर्दियों में हार्ट अटैक कई बार बड़े छुपे किस्म के होते हैं यानी पता ही नहीं चलता कि यह हार्ट अटैक के लक्षण हैं या किसी और समस्या के।

### तब न बरतें लापरवाही


ठिठुरती सर्दी के इस मौसम में अगर सीने में तेज दर्द की बजाय भारीपन महसूस हो, जलन होने लगे, सांस लेने में परेशानी हो और बाएं हाथ या जबड़े में अचानक दर्द महसूस हो तथा पसीना आ जाए तो यह नहीं मानना चाहिए कि यह ठंड का असर है बल्कि तुरंत मानना चाहिए कि हार्ट अटैक के लक्षण हैं और तुरंत डॉक्टरी सहायता लेनी चाहिए।

### इन बातों पर करें अमल



सर्दी के इस मौसम में भी आपका हृदय अच्छे से काम करे, हार्ट अटैक का रिस्क कम हो जाए इसके लिए कुछ बातों पर अमल करें।

- सूरज निकलने से पहले सुबह घर से बाहर खुले मैदान में वॉकिंग करने यानी टहलने से बचें। अगर जाएं तो तब ही जाएं जब धूप अच्छी तरह निकल आए।
- गर्म कपड़े ठीक से पहनें, खासकर छाती और कानों को लगातार ढंके रहें।
- जब सर्दी ज्यादा हो और प्यास बिल्कुल न लग रही हो, तब भी पानी पीते रहें। भले बहुत कम पिएं, लेकिन रह-रहकर पानी पिएं।
- ठिठुरती सर्दी के दिनों में ज्यादा एक्सरसाइज कभी न करें, बस हल्के से वार्मअप कर लें।
- अपने बीपी और शुगर की नियमित जांच करें।
- अगर आपको सीने में अचानक तेज दर्द महसूस हो, चाहे उसकी कोई वजह हो, तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।
- अकेले रहने वाले बुजुर्गों को अपनी हार्ट केयर पूरी सावधानी से करनी चाहिए। *



### क्या कहते हैं हृदय संबंधी रोगों के आंकड़े

**आंकड़े बताते** हैं कि अपने देश में हर साल विभिन्न रोगों से जितनी मौतें होती हैं, उनमें से अकेले हृदय रोगों से 30 से 32 फीसदी लोगों की मौत होती हैं। कहने का मतलब कैंसर, श्वसन रोग, टीबी या संक्रमण आदि किसी भी बीमारी से कहीं ज्यादा लोग हार्ट अटैक और कार्डियक अरेस्ट से दम तोड़ते हैं। माना जाता है कि लगभग 62 लाख लोग हर साल हृदय रोगों से अपनी जान गंवाते हैं। इसका मतलब यह है कि हर दिन लगभग 17 हजार लोग हृदय रोग से दम तोड़ते हैं यानी हर घंटे 707 और हर मिनट में करीब 12 लोग हृदय रोगों के कारण खत्म हो जाते हैं। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि भारत में हृदय रोग कितनी गंभीर समस्या है। शहरी क्षेत्रों में हृदय रोग की दर 10 से 12 फीसदी है, तो गांवों में अभी भी 4 से 5 फीसदी है। हालांकि पहले हृदय रोग को शहरों की बीमारी ही माना जाता था, लेकिन अब ऐसा नहीं है। देश के 25 फीसदी से ज्यादा वयस्कों को 18 साल के बाद ही हाई ब्लड प्रेशर की शिकायत हो रही है। भारतीयों को पश्चिमी देशों के लोगों की तुलना में दस साल पहले अगर हार्ट अटैक आ रहा है तो उसकी वजह यही है कि देश के युवाओं को बड़े पैमाने पर हाइपर टेंशन ने अपनी गिरफ्त में ले लिया है। भारत में हृदय रोगों से बढ़ती मौतों का सबसे बड़ा कारण अस्वस्थ जीवनशैली है। जंक फूड, तैलीय खान-पान, धूम्रपान, शराब की लत और कम व्यायाम भी एक बड़ी समस्या है।



डॉक्टर्स एडवाइस


**डॉ. समीर कौशल**
डायरेक्टर एंड हेड-ऑफ्थेलमोलॉजी
मेदांता दि मेडिसिटी, गुरुग्राम


ग्लूकोमा आंखों से संबंधित गंभीर बीमारी है, जिसमें लापरवाही बरतने पर रोशनी हमेशा के लिए जा सकती है। ऐसे में बहुत जरूरी है कि आप इसके आरंभिक लक्षणों के साथ इसे कंट्रोल करने के तरीकों के बारे में भी जानें। इस बारे में दे रहे हैं बहुत उपयोगी जानकारियां।

## कभी इग्नोर ना करें ग्लूकोमा के लक्षण



वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन के अनुसार, दुनिया भर में दृष्टिहीनता (अंधेपन) का दूसरा प्रमुख कारण ग्लूकोमा (काला मोतिया) है। हमारे देश में ही 1 से 2 करोड़ ग्लूकोमा के मरीज हैं। ग्लूकोमा से हुई आंखों को क्षति की भरपाई नहीं की जा सकती। इसलिए ग्लूकोमा को हल्के में लेना नेत्रों की सेहत के लिहाज से भारी पड़ सकता है। यही कारण है कि इस बीमारी के प्रति लोगों में जागरूकता उत्पन्न करने और बचाव के लिए हर साल जनवरी में 'ग्लूकोमा अवेयरनेस मंथ' का आयोजन किया जाता है।

**शुरुआत में दिखते हैं हल्के लक्षणः** ग्लूकोमा के इलाज में समस्या इसलिए आती है क्योंकि इस में शुरुआत में मरीज को कोई लक्षण नजर नहीं आते। जब तक स्पष्ट लक्षण सामने आने शुरू होते हैं, तब तक बहुत नुकसान हो चुका होता है। यहां कुछ ऐसे हल्के लक्षणों के बारे में बता रहे हैं, जिनके नजर आने पर आपको तुरंत अपनी आंखों की जांच करना चरहिए, ताकि ग्लूकोमा को शुरुआत में ही पहचान लिया जाए।

- दृष्टि का धुंधला होना।
- दृष्टि में धब्बे दिखाई पड़ना।
- पास रखी या दूर की वस्तुओं को साफ देखने में दिक्कत महसूस होना।
- सिरदर्द और आंखों में तेज दर्द होना
- प्रकाश में चारों ओर रंगीन छल्ले जैसा नजर आना।
- आंखों में लालिमा होना।
- ऑप्टिक नर्व का धीरे धीरे खराब होना।

**ऑप्टिक नर्व को होता है नुकसानः** ग्लूकोमा में आंखों की ऑप्टिक नर्व धीरे-धीरे खराब होती रहती है। आंखों मे अतिरिक्त दबाव (प्रेशर) बनता है, जिसे मेडिकल भाषा में इंट्राऑकुलर प्रेशर (आईओपी) कहा जाता है। ऑप्टिक नर्व पर लगातार दबाव पड़ने से वह नष्ट भी हो सकती हैं, जिसके दुष्परिणामस्वरूप दृष्टिहीनता भी संभव है। ऑप्टिक नर्व ही मस्तिष्क को किसी वस्तु का चित्र प्रेषित करती हैं। ग्लूकोमा के कारण एक बार जब आंखों की रोशनी क्षीण हो जाती हैं तो उसे दोबारा वापस नहीं लाया जा सकता। वैसे तो ग्लूकोमा किसी भी आयु वर्ग में हो सकता है लेकिन इसके ज्यादातर मामले 40 वर्ष के बाद सामने आते हैं।

**ग्लूकोमा को कैसे करें नियंत्रितः** स्पष्ट लक्षण दिखने का इंतजार नहीं करना चाहिए। रोग की प्रारंभिक अवस्था में नेत्र विशेषज्ञ से परामर्श लेकर इसे नियंत्रित कर सकते हैं। चालीस साल की उम्र के बाद सबको अपने नेत्र विशेषज्ञ के पास जाकर उनसे ग्लूकोमा के संदर्भ में परामर्श लेना चाहिए। नेत्र सर्जन आंखों में इंट्राऑकुलर प्रेशर की जांच करते हैं। जांच के जरिए अगर शुरुआती दौर में ग्लूकोमा का पता चल जाता है तो इस बीमारी को नियंत्रित करने में काफी हद तक मदद मिलती है।

**इनसे बढ़ता है ग्लूकोमा का रिस्कः** कुछ मामलों में ग्लूकोमा का रिस्क बढ़ सकता है। उनके बारे में जानना जरूरी है।

- 40 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों में ग्लूकोमा का जोखिम अधिक होता है।
- जिन लोगों को डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर या हृदय रोग की समस्या है, उनमें ग्लूकोमा का खतरा अधिक होता है।
- ग्लूकोमा की समस्या आनुवांशिक या जेनेटिक भी हो सकती है।
- आंख में चोट लगने से भी नेत्रों के आंतरिक भाग पर दबाव बढ़ सकता है, जिसके परिणामस्वरूप ग्लूकोमा का जोखिम बढ़ जाता है।
- जिन लोगों के चश्मे का नंबर ज्यादा होता है, उनके भी ग्लूकोमा होने की संभावना बढ़ जाती है।
- धूम्रपान से ग्लूकोमा का खतरा बढ़ता है और ऑप्टिक तंत्रिका को नुकसान पहुंच सकता है। इसी तरह लंबे समय तक स्टेरॉयड दवाओं के उपयोग से बचें, क्योंकि ये ग्लूकोमा को बढ़ा सकती हैं।

**रोग बढ़ने से रोकने के तरीकेः** जांच के बाद ही नेत्र सर्जन ग्लूकोमा के इलाज की प्रक्रिया सुनिश्चित करते हैं। ग्लूकोमा के इलाज की प्रक्रिया यही है कि इस बीमारी के कारण आंखों को जो क्षति पहुंच चुकी है, उसे आगे बढ़ने से रोका जाए। आंखों को पहले से ही जो क्षति पहुंच चुकी है, उसकी क्षतिपूर्ति या रिकवरी नहीं हो सकती। ग्लूकोमा के इलाज का सबसे जरूरी स्टेप है इंट्राऑक्यूलर प्रेशर (आईओपी) को कम करना है ताकि आंख में होने वाले नुकसान को रोका जा सके।

**दवाएंः** आईओपी को कम करने के लिए कई दवाएं उपलब्ध हैं, जिन्हें नेत्र विशेषज्ञ आई ड्रॉप और टैब्लेट्स के रूप में देते हैं।

**सर्जरीः** अगर दवाइयों से इंट्राऑकुलर प्रेशर कंट्रोल नहीं होता, तब डॉक्टर सर्जरी की सलाह दे सकते हैं। ब्लॉकेज का कारण बन रहे टिश्यू को सर्जरी के जरिए हटा देते हैं। जरूरत पड़ने पर लेजर से भी इलाज किया जाता है।

**इन उपायों से आंखें रहेंगी स्वस्थः** अपनी आंखों को स्वस्थ रखने के लिए कुछ उपायों पर अमल कर सकते हैं। अगर शुरुआत से इन बातों पर ध्यान देंगे तो आपकी आंखें स्वस्थ रहेंगी, समस्याएं दूर रहेंगी।

- स्वच्छ हाथों को आपस में रगड़कर पलकों को एक से दो मिनट तक दबाएं। ऐसा करने से आंखों को राहत मिलती है।
- जहां तक संभव हो स्क्रीन टाइम को कम करें। ऐसा करना आंखों के स्वास्थ्य के लिए बेहतर रहेगा।
- नियमित रूप से व्यायाम करना भी आंखों की सेहत सही रखता है। *

**प्रस्तुतिः विवेक शुक्ला**

### डाइट में शामिल करें विटामिन ए रिच फूड्स



**खान-पान** में विटामिन ए को महत्व देने से ग्लूकोमा ठीक नहीं होता, लेकिन आंखों की सेहत को विटामिन ए युक्त खाद्य पदार्थ लेने से कुछ हद तक स्वस्थ रखा जा सकता है। नतीजतन कालांतर में ग्लूकोमा आदि नेत्रों से संबंधित बीमारियों के होने का जोखिम कम हो सकता है। विटामिन ए गाजर में पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध होता है। इसके अलावा टमाटर, हरी पत्तेदार सब्जियां, संतरा और पपीता आदि भी विटामिन ए के अच्छे स्रोत हैं। विटामिन ए एग और दूध में भी पर्याप्त मात्रा में मौजूद होता है। इसलिए इनका सेवन अधिक करना चाहिए।




*कर्नाटक कांग्रेस में मुख्यमंत्री की कुर्सी को लेकर चल रहा द्वंद्व अब दिल्ली के दरबार तक पहुंच गया है। सूत्रों के मुताबिक, मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने राहुल गांधी से संपर्क कर राज्य में नेतृत्व परिवर्तन की अटकलों पर स्थायी समाधान निकालने का आग्रह किया है। सिद्धारमैया का कहना है कि नेतृत्व को लेकर जारी निरंतर भ्रम के कारण शासन और कैबिनेट विस्तार के कार्यों में बाधा आ रही है।*

**कर्नाटक में डीके शिवकुमार के साथ चल रही है रस्साकशी**

# लगातार भ्रम की स्थिति, कन्फ्यूजन से काम करना मुश्किल

## सिद्धारमैया ने राहुल से कहा- सीएम पद पर स्थायी समाधान निकालें

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

आपको बता दें कि मंगलवार को मैसूर एयरपोर्ट पर राहुल गांधी और सिद्धारमैया के बीच हुई संक्षिप्त मुलाकात के बाद यह मुद्दा और गरमा गया है। राहुल तमिलनाडु से लौटते समय मैसूर में रुके थे, जहां मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार दोनों ने उनकी अगवानी की। हालांकि, सार्वजनिक रूप से सिद्धारमैया ने किसी भी राजनीतिक चर्चा से इनकार किया है, लेकिन अंदरूनी सूत्रों का कहना है कि उन्होंने राहुल गांधी से स्पष्ट शब्दों में कहा है कि इस अनिश्चितता को खत्म किया जाए।

### पावर शेयरिंग फॉर्मूले के कारण विवाद

कर्नाटक में मचे इस घमासान के केंद्र में वह कथित समझौता है, जो मई 2023 में सरकार गठन के वक्त हुआ था। डीके शिवकुमार के समर्थकों का दावा है कि हाईकमान ने 2.5 साल बाद मुख्यमंत्री पद शिवकुमार को सौंपने का वादा किया था। सरकार के ढाई साल नवंबर 2025 में पूरे हो चुके हैं, जिसके बाद से शिवकुमार खेमा सक्रिय हो गया है। मुख्यमंत्री स्पष्ट कर चुके हैं कि वे अपना 5 साल का कार्यकाल पूरा करेंगे और ऐसा कोई फॉर्मूला तय नहीं हुआ था। सिद्धारमैया ने आलाकमान को संकेत दिया है कि वे अपनी कैबिनेट का विस्तार करना चाहते हैं और खाली पड़े पदों पर नियुक्तियां करना चाहते हैं। लेकिन नेतृत्व परिवर्तन की चर्चाओं के बीच इन फैसलों पर ब्रेक लगा हुआ है।



### हाईकमान की चुप्पी और खड़गे का बयान

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पिछले महीने इस विवाद को स्थानीय स्तर पर पैदा किया गया भ्रम बताया था। उन्होंने नेताओं को चेतावनी दी थी कि वे कर्नाटक की जीत का श्रेय व्यक्तिगत रूप से न लें। खरगे ने कहा है कि जब भी जरूरत होगी, सिद्धारमैया और शिवकुमार को चर्चा के लिए दिल्ली बुलाया जाएगा। इस आंतरिक कलह पर भाजपा ने तीखा तंज कसा है। विपक्षी नेता आर. अशोक ने कहा कि जब जर्मन चांसलर बेंगलुरु के दौरे पर थे, तब मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री उनकी अगवानी करने के बजाय मैसूर में राहुल गांधी की खुशामद में लगे थे।

### ये है विवाद की वजह

कर्नाटक में मुख्यमंत्री पद को लेकर सिद्धारमैया और शिवकुमार के बीच तनाव की स्थिति बनी हुई है। शिवकुमार के समर्थक विधायकों का कहना है कि 2023 में जब कांग्रेस की सरकार बनी थी, तब मुख्यमंत्री पद के लिए 2.5-2.5 साल की डील हुई थी, लेकिन सिद्धारमैया समर्थक इसे नकारते आए हैं। कर्नाटक में कांग्रेस सरकार का 20 नवंबर 2025 को 2.5 साल का कार्यकाल पूरा हुआ। तब से ही सत्ता संतुलन को लेकर बयानबाजी जारी है। कुछ विधायक जो डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार के समर्थक माने जाते हैं, वे दिल्ली जाकर खड़गे से भी मिले थे। सिद्धारमैया कैबिनेट फेरबदल के पक्ष में हैं। जबकि शिवकुमार चाहते हैं कि पार्टी पहले नेतृत्व परिवर्तन पर फैसला करे।

## अदालत से बोली ईडी- हमने कुछ भी जब्त नहीं किया, सब सीएम ले गईं

# टीएमसी की याचिका खारिज, हाईकोर्ट ने कहा- विचार करने लायक कुछ नहीं

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल में ईडी की छापेमारी से जुड़े विवाद पर कलकत्ता हाईकोर्ट में बुधवार को सुनवाई हुई। प्रवर्तन निदेशालय और पश्चिम बंगाल की सत्ताधारी पार्टी तृणमूल कांग्रेस ने अलग-अलग याचिकाएं दायर की हैं। ऐसे में बुधवार को सुनवाई के दौरान कलकत्ता हाई कोर्ट ने टीएमसी की उस याचिका का निपटारा कर दिया, जिसमें पार्टी की ओर से गोपनीय राजनीतिक डेटा की सुरक्षा की मांग की



थी। न्यायालय ने कहा कि ईडी ने सूचित किया है कि उसने पिछले सप्ताह 08 जनवरी की छापेमारी के दौरान आई-पैक डायरेक्टर प्रतीक जैन के कार्यालय और घर से कुछ भी जब्त नहीं किया है। टीएमसी ने अदालत में याचिका दायर कर 8 जनवरी को इन दोनों परिसरों पर ईडी द्वारा की गई छापेमारी के दौरान जब्त किए गए व्यक्तिगत और राजनीतिक डेटा के संरक्षण का आदेश देने की मांग की थी। ईडी की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने अदालत के समक्ष कहा कि एजेंसी ने इन दोनों परिसरों से कुछ भी जब्त नहीं किया है।

### आगे विचार करने के लिए कुछ नहीं बचा

टीएमसी की याचिका का निपटारा करते हुए न्यायमूर्ति सुव्रा घोष ने टिप्पणी की कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और भारत सरकार द्वारा प्रस्तुत दलीलों को देखते हुए पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ पार्टी द्वारा दायर इस याचिका में आगे विचार करने के लिए कुछ भी शेष नहीं बचा है।

### ईडी की ओर से दायर याचिका भी स्थगित

न्यायमूर्ति घोष ने ईडी द्वारा दायर उस याचिका को भी स्थगित कर दिया, जिसमें 8 जनवरी को ममता बनर्जी पर जांच में बाधा डालने के आरोप लगाया था, जब छापेमारी के दौरान सीएम ममता बनर्जी सॉल्ट लेक स्थित राजनीतिक परामर्श फर्म के कार्यालय और दक्षिण कोलकाता के लाउडन स्ट्रीट स्थित फर्म के निदेशक के आवास पर गई थीं।

### जो कुछ भी कब्जे में लिया, वो सीएम साथ ले गईं : ईडी

ईडी की ओर से पेश हुए एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू कहा कि केंद्रीय एजेंसी ने जो कुछ भी अपने कब्जे में लिया था, उसे सीएम ममता बनर्जी ले गईं। इससे पहले ईडी ने हाई कोर्ट को बताया कि पिछले हफ्ते आईपैक के डायरेक्टर प्रतीक जैन के घर और ऑफिस पर हुई तलाशी के सिलसिले में दायर याचिकाओं को टाल दिया जाए।

### यह है मामला

ईडी ने गुरुवार को कथित कोयला घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आई-पीएसी के सॉल्ट लेक ऑफिस और इसके निदेशक प्रतीक जैन के आवास पर छापेमारी की थी। एजेंसी का आरोप है कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पुलिस की मदद से जैन के आवास में जबरन घुस गईं और अधिकारियों के मना करने के बावजूद अहम डिजिटल सबूत और दस्तावेज अपने साथ ले गईं। ईडी के मुताबिक, इस कारण तलाशी अभियान विफल हो गया और कोई जब्ती नहीं हो सकी।

**एआईसीसी ने जारी की सूची**

# छत्तीसगढ़ कांग्रेस संगठन में बड़ा फेरबदल 307 ब्लॉक अध्यक्षों की हुई नियुक्ति

## आगामी चुनावों की तैयारी और संगठन को मजबूत करने की रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

छत्तीसगढ़ कांग्रेस संगठन में लंबे समय से बहुप्रतीक्षित ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति को लेकर आज बड़ा फैसला सामने आ गया है। ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी ने प्रदेशभर के 307 ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों की सूची जारी कर दी गई है।

यह आदेश कांग्रेस के छत्तीसगढ़ प्रभारी और एआईसीसी महासचिव सचिन पायलट ने बुधवार को जारी किया। फैसले को आगामी चुनावों की तैयारी और संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने की रणनीति के तौर पर देखा जा रहा।

आदेश में स्पष्ट किया गया है कि यह नियुक्तियां छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी, एआईसीसी पदाधिकारियों और वरिष्ठ नेताओं से



विस्तृत चर्चा के बाद और उदयपुर नव संकल्प घोषणा को ध्यान में रखते हुए की गई है। इन सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को उनके-अपने ब्लॉक का ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बनाया गया है। 307 ब्लॉक अध्यक्षों की हुई, नियुक्ति में रायपुर शहर और ग्रामीण इलाकों के बनाए गए अध्यक्षों के नाम भी शामिल हैं।

### ब्लॉक स्तर पर तैयार हुई कांग्रेस की नई टीम

सूची में छत्तीसगढ़ के 307 ब्लॉकों के अध्यक्षों की नियुक्ति पूरे प्रदेश को कवर करती है। यह नियुक्ति संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने की तैयारी है, इससे जमीनी कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी और नई ऊर्जा मिलने की उम्मीद है। कई जगह नए चेहरों को मौका दिया गया है, तो कहीं अनुभवी नेताओं पर भरोसा जताया गया है। नव नियुक्त अध्यक्षों को संगठन विस्तार, कार्यकर्ताओं के समन्वय एवं पार्टी की नीतियों को आम जनता तक पहुंचाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### रायपुर शहर के प्रमुख ब्लॉक अध्यक्षों के नाम

संत कबीर दास - विजय टंडन, संत माता कर्मा - हिरेंद्र देवांगन, ले. अरविंद दीक्षित - अरजुमन ढेबर, डॉ. खूबचंद बघेल - विनोद सिंह ठाकुर, शहीद पंकज विक्रम - ओम श्रीवास, महंत लक्ष्मीनारायण दास - सुयश शर्मा, सरदार वल्लभभाई पटेल - देव साहू, शहीद भगत सिंह - सुधा सरोज, नेताजी कन्हैयालाल बाजारी - किशन बजारी, गुरु घासीदास - मिलिंद गौतम, पं. जवाहरलाल नेहरू - सुजीत सिंह, वीरांगना अवंतीबाई - कमल धृतलहरे।

### रायपुर ग्रामीण के ब्लॉक अध्यक्षों के नाम

धरसींवा - आशीष वर्मा, अभनपुर - विद्याभूषण सोनवानी, नवापारा - गिरधारी साहू, आरंग - कोमल साहू, आरंग नगर - खिलावन निषाद, तिल्दा सिटी - अजितेश शर्मा, बिरगांव सिटी - योगेंद्र सोलंकी।

## एस्सार का ब्रिटेन की स्टैनलो रिफाइनरी से ईंधन की बिक्री

**नई दिल्ली।** ईईटी ने 2025 में ब्रिटेन के उत्तर-पश्चिम में स्थित स्टैनलो रिफाइनरी से घरेलू ईंधन की रिकॉर्ड बिक्री दर्ज की, जो इस रिफाइनरी के अधिग्रहण के बाद का सबसे मजबूत प्रदर्शन है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि संचालन क्षमता में सालाना आठ प्रतिशत की वृद्धि हुई और स्टैनलो रिफाइनरी से भेजे जाने वाले तेल की मात्रा ऐतिहासिक उच्च स्तर पर पहुंच गई। इस वृद्धि को ब्रिटेन में मजबूत मांग से समर्थन मिला। इसके अलावा ईंधन की खुदरा बिक्री और विमान ईंधन व्यवसाय ने भी तेजी दिखाई। विमानन क्षेत्र में में कंपनी ने सीधे 10 प्रमुख ब्रिटिश हवाई अड्डों को ईंधन आपूर्ति करना शुरू किया। बयान के मुताबिक, वर्ष 2025 में रिफाइनरी की मरम्मत एवं रखरखाव का 10 करोड़ डॉलर का काम पूरा हुआ जिससे इसकी क्षमता आठ प्रतिशत बढ़ गई।

**कार्यालय आधुनिक कृषि ग्रामीण कल्याण संस्थान**
विज्ञापन संख्या 634802/2026

प्रत्येक जिले की प्रत्येक ग्राम सभा मे 2 कृषि सहायक, 1 कृषि कार्यकर्ता व प्रत्येक न्याय पंचायत मे 1 कृषि अधिकारी, प्रत्येक विकास खण्ड मे 1 कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं एक क्लर्क के पदो पर भर्ती-

| क्रम सं. | पद का नाम | शैक्षणिक योग्यता | पदों की संख्या | मानदेय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कृषि ग्राम विकास अधिकारी | स्नातक पास | प्रत्येक न्याय पंचायत में एक | 29,500/ |
| 2 | कृषि ग्राम विकास कार्यकर्ता | 12वीं पास | प्रत्येक ग्राम सभा में एक | 25,500/ |
| 3 | कृषि ग्राम विकास सहायक | 10वीं पास | प्रत्येक ग्राम सभा में दो | 24,500/ |
| 4 | कम्प्यूटर ऑपरेटर | 12वीं + डिप्लोमा | प्रत्येक विकास खण्ड में एक | 27,500/ |
| 5 | क्लर्क | 12वीं + डिप्लोमा | प्रत्येक विकास खण्ड में एक | 26,500/ |

1. आवेदन फार्म केवल Online ही भरा जायेगा। 2. आवेदन फार्म भरने के लिए कार्यालय की वेबसाइट akgks.org पर लॉग इन करें। 3. आयु सीमा 18 वर्ष से 42 वर्ष 4. सभी जातियो महीला / पुरूषों के लिए 5.आरक्षण नियम अनुसार दिया जायेगा। 6. अन्तिम तिथि 13/02/2026 हेल्पलाइन नंबर +919643046834

**28 साल के युवा को बनाया निशाना**

# बांग्लादेश में एक और हिंदू की हत्या, ड्राइवर की मॉब लिंचिंग



एजेंसी ▸▸| चटगांव

बांग्लादेश के दक्षिणी हिस्से चटगांव डिवीजन के फेनी जिला स्थित दागनभुइयां में रविवार रात अज्ञात बदमाशों ने 28 साल के हिंदू युवक समीर कुमार दास की पीट-पीटकर और चाकू मारकर हत्या कर दी। उसका ऑटोरिक्शा भी लूट लिया गया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, समीर रविवार शाम करीब 7 बजे ऑटोरिक्शा लेकर घर से निकला था। देर रात तक जब वह नहीं लौटा तो परिजन ने उसकी तलाश शुरू की। रात करीब 2 बजे जगतपुर गांव के एक खेत में स्थानीय लोगों को उसका शव मिला। दागनभुइयां थाने के एक पुलिस अधिकारी के अनुसार, समीर की हत्या में देसी हथियारों का इस्तेमाल किया गया था। प्राथमिक जांच में लग रहा है कि हत्या पहले से प्लानिंग के तहत की गई थी। जांच जारी है और अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। बांग्लादेश में 23 दिनों के दौरान हिंदू की हत्या की ये 7वीं घटना है।

### सत्तापलट के बाद अल्पसंख्यकों पर हमले बढ़े

लगभग 17 करोड़ की आबादी वाले मुस्लिम बहुल बांग्लादेश में 2024 के सत्तापलट के बाद से हालात अस्थिर बने हुए हैं। इस्लामी संगठनों की सक्रियता बढ़ने से अल्पसंख्यकों पर हमले बढ़ गए हैं। बांग्लादेश में हिंदू और सूफी मुस्लिम सहित अल्पसंख्यकों की आबादी 10% से भी कम है। बांग्लादेश हिंदू-बौद्ध-ईसाई एकता परिषद ने देशभर में अल्पसंख्यक समुदायों पर बढ़ते हमलों पर गंभीर चिंता जताई है। संगठन का कहना है कि फरवरी में होने वाले राष्ट्रीय चुनाव से पहले सांप्रदायिक हिंसा की घटनाएं बढ़ी हैं।

**पीएम मोदी की जाति पर टिप्पणी**

# राहुल के खिलाफ दायर याचिका की गई खारिज

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

जयपुर, राजस्थान की एक अदालत ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को बड़ी राहत दी है। यह मामला राहुल गांधी के द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर की गई जाति आधारित टिप्पणी का है। अतिरिक्त सत्र न्यायालय ने इस मामले में दायर याचिका को खारिज कर दिया। अदालत में दायर याचिका में शिकायतकर्ता ने कहा था कि राहुल गांधी ने नेता प्रतिपक्ष होने के बावजूद भी जाति से जुड़े बयान दिए थे और ऐसे बयान जनता को भड़काने वाले थे। याचिकाकर्ता का कहना था कि राहुल गांधी के इस तरह के बयान देश की एकता और अखंडता को नुकसान पहुंचाने वाले थे।



### यह कहा था राहुल ने

*याचिकाकर्ता ने अपनी शिकायत में राहुल गांधी के द्वारा 2024 में निकाली गई भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान की गई टिप्पणियों का जिक्र किया था। याचिकाकर्ता के मुताबिक, राहुल गांधी ने कहा था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जन्म से ओबीसी नहीं हैं बल्कि वह गुजरात के तेली समुदाय से संबंध रखते हैं। तेली समुदाय को 2000 में ओबीसी वर्ग में शामिल किया गया था। याचिकाकर्ता का कहना था कि राहुल गांधी ने दावा किया था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्म सामान्य जाति में हुआ था और बाद में उनकी जाति को ओबीसी वर्ग में शामिल किया गया। एडवोकेट विजय कलंदर ने राहुल गांधी की इन टिप्पणियों पर आपत्ति जताई थी और दावा किया था कि राहुल गांधी ने इन बयानों को देते वक्त खुद की जाति की पहचान को छुपा लिया था। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश नीलम करवा ने कहा कि शिकायतकर्ता के बयान और रिकॉर्ड में रखे गए सबूत से याचिका के पक्ष में कोई आधार नहीं बनता।*




**रेल परियोजना निर्माण के दौरान हादसा**

# थाईलैंड में चलती ट्रेन पर गिरी क्रेन, 22 यात्रियों की मौत



एजेंसी ▸▸| बैंकॉक

थाईलैंड के उत्तर पूर्वी क्षेत्र में बुधवार को एक यात्री ट्रेन पर निर्माण में इस्तेमाल की जाने वाली क्रेन के गिर जाने के बाद ट्रेन के पटरी से उतर जाने के कारण 29 लोगों की मौत हो गई और 64 अन्य घायल हो गए।

अधिकारियों ने बताया कि बचावकर्मी अब भी मलबे में तलाश कर रहे हैं और लोगों को प्राथमिक उपचार मुहैया करा रहे हैं। यह हादसा महत्वाकांक्षी हाई-स्पीड रेल परियोजना निर्माण के दौरान हुआ। यह परियोजना चीन को दक्षिण-पूर्व एशिया के अधिकतर हिस्सों से जोड़ेगी। नाखोन रत्चासिमा प्रांत के जनसंपर्क कार्यालय के अनुसार, दुर्घटना उस वक्त हुई जब रेलवे के एक ऊंचे हिस्से का निर्माण करने के लिए इस्तेमाल की जा रही क्रेन बैंकॉक से उबोन रत्चाथानी प्रांत की ओर जा रही ट्रेन पर गिर गई। इस घटना के बाद ट्रेन पटरी से उतर गई और उसमें आग लग गई। परिवहन मंत्री पिफत रत्चकितप्राकन ने बताया कि उन्होंने दुर्घटना की जांच के आदेश दिए हैं।

### कैसे हुआ हादसा?

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, निर्माणाधीन हाई स्पीड रेल प्रोजेक्ट का काम चल रहा था, जिस पर क्रेन काम में लगी थी, जब वहां से ट्रेन गुजर रही थी, तभी क्रेन वहां से गुजर रही ट्रेन पर गिर गई। स्थानीय पुलिस अधिकारी ने बताया कि हादसे में 22 लोगों की मौत हुई है और 30 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। हालांकि बाद में मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 29 हो गया।

### ट्रेन में सवार थे 195 यात्री

रिपोर्ट के अनुसार, हादसे का शिकार हुई ट्रेन में 195 यात्री सवार थे। हालांकि ये आंकड़ा ट्रेन में सीटों के आधार पर बताया गया है और ट्रेन में असल में कितने यात्री सवार थे, इसका आंकड़ा अलग हो सकता है। थाईलैंड सरकार ने हादसे की जांच के आदेश दिए हैं। हादसा बुधवार सुबह 9 बजे के करीब हुआ।

# महंगाई मोर्चे पर देश को लगा झटका; दिसंबर माह में थोक मुद्रास्फीति दूसरे महीने भी बढ़ी



एजेंसी : नई दिल्ली

थोक मुद्रास्फीति में लगातार दूसरे महीने वृद्धि जारी रही और दिसंबर 2025 में यह आठ महीने के उच्च स्तर 0.83 प्रतिशत पर पहुंच गई। खाद्य पदार्थों, गैर-खाद्य वस्तुओं और विनिर्मित वस्तुओं की कीमतों में मासिक आधार पर बढ़ोतरी से इसमें वृद्धि दर्ज की गई। बुधवार को जारी सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली।

थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति नवंबर में शून्य से नीचे 0.32 प्रतिशत और अक्टूबर में शून्य से नीचे 1.02 प्रतिशत रही थी। दिसंबर 2024 में थोक मुद्रास्फीति 2.57 प्रतिशत थी। उद्योग मंत्रालय ने बयान में कहा, ''मुद्रास्फीति बीते महीने मुख्य रूप से अन्य विनिर्माण, खनिजों, मशीनरी एवं उपकरणों के विनिर्माण, खाद्य उत्पादों के निर्माण और वस्त्र आदि की कीमतों में वृद्धि के कारण बढ़ी।''

## सब्जियों की महंगाई 3.50 फीसदी बढ़ी

डब्ल्यूपीआई के आंकड़ों के अनुसार, दिसंबर में खाद्य पदार्थों की कीमतें 0.43 प्रतिशत कम हुईं जबकि नवंबर में यह दर 4.16 प्रतिशत थी। सब्जियों की महंगाई दर में दिसंबर में 3.50 प्रतिशत की गिरावट आई जबकि नवंबर में यह 20.23 प्रतिशत थी। वित्तीय परामर्श कपंनी बार्कलेज इंडिया की मुख्य अर्थशास्त्री आस्था गुडवानी ने कहा कि दिसंबर में खाद्य पदार्थों में महंगाई में कम दर से कमी एवं विनिर्माण उत्पादों में बढ़ती मुद्रास्फीति के कारण थोक मुद्रास्फीति में वृद्धि हुई।

## मुद्रास्फीति का अनुमान घटाकर दो फीसदी किया

केंद्रीय बैंक ने चालू वित्त वर्ष में अभी तक नीतिगत दर रेपो में 1.25 प्रतिशत की कटौती की है जो अब 5.5 प्रतिशत है। आरबीआई ने पिछले महीने चालू वित्त वर्ष के लिए मुद्रास्फीति के अनुमान को पहले के 2.6 प्रतिशत से घटाकर दो प्रतिशत कर दिया था।

# नीति आयोग के निर्यात तैयारी सूचकांक में शीर्ष पर महाराष्ट्र

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- तमिलनाडु को पछाड़ कर शीर्ष पर जगह बनाई
- निर्यात क्षमता पर तीसरे स्थान पर गुजरात ने पाया

नीति आयोग के चौथे निर्यात तैयारी सूचकांक (ईपीआई) 2024 में महाराष्ट्र ने शीर्ष स्थान हासिल किया है। इसके बाद तमिलनाडु और गुजरात क्रमशः दूसरे व तीसरे स्थान पर है। यह सूचकांक राज्यों की निर्यात क्षमता और प्रदर्शन के संदर्भ में उनकी तैयारियों का आकलन करने के उद्देश्य से तैयार किया गया है।

सरकारी शोध संस्थान नीति आयोग की बुधवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार महाराष्ट्र के बाद तमिलनाडु, गुजरात, उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और पंजाब का स्थान है। छोटे राज्यों की श्रेणी में उत्तराखंड शीर्ष स्थान पर रहा। इसके बाद जम्मू-कश्मीर, नगालैंड, दादरा एवं नगर हवेली और दमन व दीव, गोवा तथा त्रिपुरा का स्थान है। रिपोर्ट जारी करते हुए नीति आयोग के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) बी.वी. आर. सुब्रह्मण्यम ने कहा कि भारत के मुक्त व्यापार एवं आर्थिक साझेदारी समझौतों का विस्तार करने के साथ ही मजबूत घरेलू आधार का महत्व बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा, ''राज्यों के लिए इसका अर्थ ऐसे परिवेश को बढ़ावा देना है जो नए अवसरों पर तेजी से प्रतिक्रिया दे सके और वैश्विक मानकों के अनुरूप हो। साथ ही जिलों में प्रतिस्पर्धा का माहौल बना सके। सुब्रह्मण्यम ने कहा कि हाल के वर्षों में कई राज्यों ने समर्पित नीतियों, संस्थानों और बुनियादी ढांचे के माध्यम से अपनी निर्यात दृष्टि को मजबूत करना शुरू कर दिया है।

## राशिफल

**मेष** मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। माता-पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृष** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्याओं पर भी ध्यान दें। पिता का साथ मिलेगा। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। बौद्धिक कार्यों से आय बढ़ेगी।

**मिथुन** मन परेशान रहेगा। संयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। भाइयों के सहयोग से नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कर्क** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मन परेशान रहेगा। व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

**सिंह** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। नौकरी में कार्यभार में वृद्धि हो सकती है।

**कन्या** पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। जीवनसाथी से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

**तुला** मन प्रसन्न रहेगा। परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**वृश्चिक** आत्मसंयत रहें। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता का साथ मिलेगा। रुके हुए धन की प्राप्ति होगी।

**धनु** आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में आशातीत परिणाम मिलेंगे।

**मकर** वाणी में मधुरता रहेगी, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**कुंभ** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न भी रहेगा। फिर भी व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**मीन** परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी धार्मिक स्थल की यात्रा पर जाना हो सकता है।

# इस साल भू-आर्थिक संघर्ष बना भारत के लिए सबसे बड़ा जोखिम

**नई दिल्ली।** भू-आर्थिक संघर्ष 2026 में दुनिया के सामने सबसे बड़ा जोखिम बनकर उभरा है, जबकि भारत के लिए 'साइबर असुरक्षा' सबसे बड़ा खतरा है। बुधवार को जारी एक नए अध्ययन में यह बात कही गई। विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) ने दावोस वार्षिक बैठक से पहले अपनी वार्षिक 'वैश्विक जोखिम रिपोर्ट' जारी करते हुए कहा कि दो साल के लिए भू-आर्थिक टकराव आठ स्थान ऊपर चढ़कर वैश्विक स्तर पर शीर्ष जोखिम बन गया है।

## आम सूचना

मेसर्स कुमार मिनरल बेनिफिकेशन, प्रोप.-श्री मनोज कुमार, पिता श्री शिव दानी सिंह, निवासी-HIG-31, शारदा कॉलोनी, पोस्ट ऑफिस-जमनीपाली, जिला-कोरबा (छ0ग0) को सीएसआईडीसी लिमिटेड द्वारा औद्योगिक क्षेत्र-सिलतरा फेस-2, जिला-रायपुर (छ.ग.) में भूखण्ड क्रमांक 103 पार्ट, रकबा 11541 वर्गफीट (0.26 एकड़) भूमि का आबंटन किया जाकर पट्टाभिलेख दिनांक 03/03/2010 को किया गया।

इकाई द्वारा निष्पादित पट्टाविलेख की कंडिकाओं का उल्लंघन करने के कारण भूमि निरस्तीकरण आदेश क्रमांक सीएसआईडीसी/भू.आ./2014/344 दिनांक 12/11/2014 द्वारा भूमि आबंटन आदेश एवं पट्टाभिलेख निरस्त किया गया था। निरस्तीकरण आदेश के विरूद्ध इकाई द्वारा कोई अभ्यावेदन प्रस्तुत नहीं किया गया है।

पत्र क्रमांक जिव्याउके-रा/भू.आ./2024/8024 दिनांक 17/09/2024 के द्वारा 'छत्तीसगढ़ औद्योगिक भूमि एवं भवन प्रबंधन नियम-2015' (यथा-संशोधित) में प्रावधानित नियमानुसार उक्त भूखड पर निर्मित परिसम्पत्तियों को 01 माह के भीतर हटाकर निरस्त भूखण्ड का आधिपत्य कार्यालय को सौपने हेतु जारी किया गया है, जिसमें नियमानुसार एकपक्षीय आधार पर पंचनामा बनाकर भूखण्ड का आधिपत्य प्राप्त करने की कार्यवाही की जावेगी का लेख किया गया था।

अतः 'छत्तीसगढ़ औद्योगिक भूमि एवं भवन प्रबंधन नियम-2015' (यथा-संशोधित) प्रावधानित नियमानुसार पूर्व में जारी भूमि-निरस्तीकरण आदेश को प्रभावशील मानते हुये भूमि का आधिपत्य पंचनामा के माध्यम से प्राप्त किये जाने की कार्यवाही की जा रही है, यदि पंचनामा कार्यवाही पर किसी व्यक्ति / कार्यालय/वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर लिखित में मय अभिलेखों में अधोहस्ताक्षकर्ता के समक्ष अपना पक्ष नस्तुत कर सकते है। अन्यथा नियमानुसार एकपक्षीय कार्यवाही करते हुए भूमि का आधिपत्य प्राप्त कर लिया जाएगा एवं इस संबंध में कोई दावा स्वीकार योग्य नहीं होगा ।

(ए.एच.यजदानी)
मुख्य महाप्रबंधक
(भू-आबंटन) सी.एस.आई.डी.सी

सं.-46559

## छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग कार्यालय कार्यपालन अभियंता, कार्यालय कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग, कोरबा (छ.ग.)

### ई- प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना

eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

(प्रथम आमंत्रण)

निविदा सूचना क्र. 07/व.ले.लि./2025-26 दिनांक. 13-01-2026

निम्नलिखित कार्यो के लिए दिनांक 03-02-2026 17:30 तक ऑन लाईन निविदाए आमंत्रित की जाती है

कार्य का नाम - कोरजा नाला में स्टॉपडेम का निर्माण कार्य।

(सिस्टम निविदा क्र. 183617) :-

अनुमानित लागत रू. 99.01 लाख (जी.एस.टी. छोडकर)

(टीप :- निविदा जल संसाधन विभाग के एस. ओ. आर. 1-05-2025 के अनुसार आमंत्रित है।)

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 20-01-2026 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड़ किये जा सकते है।

नोट : निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग,
कोरबा (छ.ग.)

जी. 252606034/2

## छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग कार्यालय कार्यपालन अभियंता वि/यां मिनीमाता बांगो संभाग माचाडोली मुख्यालय कटघोरा जिला-कोरबा (छ.ग.)

### ई- प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना

eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

(प्रथम आमंत्रण)

निम्नलिखित कार्यो के लिए दिनांक 02.02.2026 समय 17:30 तक ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं ।

| सि.नि.क्र./निविदा सूचना क्र. दिनांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| सि.नि.क्र. 183636 नि.सू.क्र. 05/व.ले.लि. /2025-26/दिनांक 12.01.2026 | जिला-कोरबा विखं. कोरबा के अंतर्गत हसदेव दायी तट नहर के आर.डी. नं. 8.2 किमी पर स्केप रेग्युलेटर गेट फिटिंग कार्य। | रू. 24.04 लाख |
| सि.नि.क्र. 183639 नि.सू.क्र. 06/व.ले.लि. / 2025-26/दिनांक 12.01.2025 | जिला-कोरबा के हसदेव बांगो परियोजना अंतर्गत हसदेव दायी तट नहर के आर. डी. 28.8 किमी. एवं आर. डी. 7.2 किमी. पर गेटों और अन्य वि./यां भागों की मरम्मत एवं नवीनीकरण कार्य। | रू. 127.54 लाख |

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्यूरमेंट वेब साईट eprocurement portal: https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 19.01.2026 समय 17:30 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है।

नोट :-

1. निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्यूरमेंट वेब साईट eprocurement portal :https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदारों को उपयुक्त पंजीयन कराना अनिवार्य है।
2. निविदा की अनुमानित लागत एस.ओ.आर. 01.05.2025

कार्यपालन अभियंता
वि/यां मिनीमाता बांगो संभाग माचाडोली
मुख्या. कटघोरा जिला-कोरबा (छ.ग.)

जी. 252606029/2

## भारतीय खेल प्राधिकरण

SPORTS AUTHORITY OF INDIA
भारत सरकार / GOVERNMENT OF INDIA
खेल विभाग / DEPARTMENT OF SPORTS
(An Autonomous Body under Ministry of Youth Affairs and Sports)
(युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त निकाय)
कमरा संख्या 210, SAI-मुख्यालय भवन, SAI-मुख्यालय, जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम परिसर (पूर्वी द्वार संख्या 10) लोधी रोड, नई दिल्ली-110003

फाइल संख्या : ए/7/2025- भर्ती प्रकोष्ठ

भारतीय खेल प्राधिकरण संविदा आधार पर वरिष्ठ प्रमुख (खेल विज्ञान) के पद पर नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित करता है।

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अधीन एक स्वायत्त संगठन, भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई), वरिष्ठ लीड (खेल विज्ञान) के 01 पद पर संविदा आधार पर अधिकतम 04 वर्षों की अवधि के लिए पात्र, योग्य और प्रेरित भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित करता है। पद का विवरण और अन्य जानकारी एसएआई की वेबसाइट http://sportsauthorityofindia.nic.in पर उपलब्ध है। आवेदन करने की समय सारिणी नीचे दी गई है: -

i. आवेदन पत्र जमा करने की तिथि : 02.01.2026 (सुबह 10:00 बजे)
ii. आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि : 01.02.2026 (शाम 05:00 बजे)

(उपनिदेशक)
(मानव संसाधन विभाग-II)
(भाखेप्रा मुख्य कार्यालय)

cbc 47103/12/0016/2526

## छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग कार्यालय अधीक्षण अभियंता, बस्तर जल संसाधन मंडल, जगदलपुर (छ.ग.)

### ई- प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना

eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

(प्रथम आमंत्रण)

सिस्टम निविदा क्र. 183462 निविदा सूचना क्र. 07 / व.ले.लि./2025-26 दि. 12.01.2026

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 02.02.2026 17:30 तक ऑन लाईन निविदाए आमंत्रित की जाती है :-

कार्य का नाम-नारायणपुर जिले के विकासखंड ओरछा के किहकाड़ स्टापडेम का निर्माण कार्य।

अनुमानित लागत रू. 88.72 लाख (जी.एस.टी. छोड़कर)

(एस.ओ.आर. दिनांक 01.05.2025 से प्रचलित (यथा संशोधित दिनांक 08.08.2025))

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 19.01.2026 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड़ किये जा सकते है।

नोट : निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग,
नारायणपुर कृते अधीक्षण अभियंता
बस्तर जल संसाधन मंडल, जगदलपुर

जी. 252606003/3

## सूचना

संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें छ.ग. का पत्र क्रमांक /स्था.अवि./37/2025/210, दिनांक 28.03.2025 के द्वारा संभाग एवं जिला स्तरीय तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी (स्टाफ नर्स, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक पुरुष, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक महिला, वार्ड ब्वॉय एवं वार्ड आया) के कुल 525 पदों को सीधी भर्ती करने हेतु विज्ञापन प्रकाशित की गई थी। व्यापम द्वारा स्टाफ नर्स, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक पुरुष / महिला, वार्ड ब्यॉय, वार्ड आया का परीक्षा आयोजित कर, परीक्षा परिणाम वेबसाईट में अपलोड किया जा चुका है। छत्तीसगढ़ शासन, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग मंत्रालय का आदेश क्रमांक एफ 1-67/2021/सत्रह/एक, दिनांक 07.12.2021 एवं आदेश दिनांक 03.02.2023 के द्वारा कोरोना वैशविक महामारी के दौरान छत्तीसगढ़ राज्य के शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में नियुक्त एक वर्ष में 6 माह का कार्य अनुभव प्रमाण पत्र हेतु व्यापम द्वारा आयोजित परीक्षा में सम्मिलित अभ्यार्थियों के द्वारा 15 दिवस के भीतर संबंधित जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को आवेदन कर अनुभव प्रमाण पत्र प्राप्त कर अनुभव प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेंगे।

**अभ्यार्थियों हेतु निर्देश : -**

1. अभ्यर्थियो द्वारा कोरोना वैशविक महामारी के दौरान जिस जिले में कार्य किये है उसी जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी छ.ग. को आवेदन प्रस्तुत कर, अनुभव प्रमाण पत्र निर्धारित प्रपत्र (परिशिष्ट अ) में प्राप्त करेंगे।
2. अभ्यार्थियों द्वारा कोरोना वैशविक महामारी के द्वारा नियुक्त किये गये कार्यादेश, ज्वाईनिंग व वेतन संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत करेंगे।
3. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के द्वारा जारी अनुभव प्रमाण पत्र ही मान्य किये जायेंगे।
4. अभ्यार्थियों द्वारा दिनांक 14.01.2026 से 29.01.2026 तक अनुभव प्रमाण पत्र मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में केवल स्पीड पोस्ट के माध्यम से कार्यालयीन समय में जमा करेंगे।

**उक्त संबंध में कार्य संपादित करने की संभावित समय-सारणी :-**

1. अभ्यार्थियों द्वारा दिनांक 14.01.2026 से 29.01.2026 तक अनुभव प्रमाण पत्र मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में जमा करेंगे।
2. संभाग स्तरीय समिति द्वारा अभ्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत अनुभव प्रमाण पत्र को दिनांक 30.01.2026 से 08.02.2026 तक सत्यापन का कार्य करेंगे।
3. संभाग स्तरीय समिति द्वारा अनुभव प्रमाण पत्र का सत्यापन उपरांत 09.02.2026 को संचालनालय को प्रस्तुत करेंगे।
4. संचालनालय द्वारा दिनांक 10.02.2026 से 18.02.2026 तक मेरिट सूची जारी किया जावेगा।
5. मेरिट में दावा आपत्ति हेतु दिनांक 19.02.2026 से 24.02.2026 तक अभ्यार्थियों द्वारा आवेदन प्रस्तुत करेंगे।
6. अभ्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत दावा आपत्ति का निराकरण पश्चात् मेरिट सूची का प्रकाशन विभागीय वेबसाईट www.cghealth.nic.in में दिनांक 10.03.2026 तक अपलोड किया जावेगा।

**संचालक, स्वास्थ्य सेवायें द्वारा अनुमोदित**

संयुक्त संचालक (अविज्ञप्त/नर्सिंग)
संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें छत्तीसगढ

जी. 252606040/2

# शैडोफैक्स का आईपीओ 22 जनवरी को खुलेगा

**नई दिल्ली।** लॉजिस्टिक्स सेवा प्रदाता शैडोफैक्स ने अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 118-124 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। कंपनी ने बुधवार को बयान में कहा कि 1,907 करोड़ रुपये का आईपीओ 22 जनवरी को खुलेगा और 24 जनवरी को संपन्न होगा। बड़े (एंकर) निवेशक 19 जनवरी को बोली लगा पाएंगे। आईपीओ 1,000 करोड़ रुपये के नए शेयर और 907.27 करोड़ रुपये के शेयर की बिक्री पेशकश (ओएफएस) का संयोजन है।

## कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग (वि/यां.) संभाग बिलासपुर (छ.ग.)

### निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक-198/NIT-04/2025-2026/ व ले लि दिनांक : 12/01/2026

| | |
|---|---|
| निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- | 22-01-2026 अपरान्ह 5.30 बजे तक |
| ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- | 09-02-2026 अपरान्ह 5.30 बजे तक |
| निविदा खोलने की तिथि :- | 10-02-2026 पूर्वान्ह 11.30 बजे से |
| कार्य की अवधि | 31-07-2026 वर्षा ऋतु सहित |
| निविदा प्रपत्र की कीमत | 750/- रूपये |
| निविदाकारों की श्रेणी | ई पंजीयन के अंतर्गत श्रेणी 'द' से 'अ' तक |


| एनआईटी क्र. निविदा क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | अमानत राशि (रू. में) |
|---|---|---|---|
| 4 T0063 | उपसंभाग मुंगेली के मुंगेली सेक्शन अंतर्गत पोल शिफ्टिंग का कार्य | 10.00 | 7500.00 |
| 4 T0064 | उपसंभाग मुंगेली के ब्लाक लोरमी अंतर्गत पोल शिफ्टिंग का कार्य | 10.00 | 7500.00 |
| 4 T0065 | उपसंभाग मुंगेली के डिंडोरी सेक्शन अंतर्गत पोल शिफ्टिंग का कार्य | 10.00 | 7500.00 |
| 4 T0066 | उपसंभाग मुंगेली के देवरहट हरनाचाका रोड ब्लाक लोरमी अंतर्गत पोल शिफ्टिंग का कार्य | 5.79 | 5000.00 |
| 4 T0067 | उपसंभाग मुंगेली के ब्लाक लोरमी अंतर्गत पोल शिफ्टिंग का कार्य | 10.00 | 7500.00 |
| 4 T0068 | उपसंभाग मुंगेली के गोंडखाम्ही सेक्शन अंतर्गत पोल शिफ्टिंग का कार्य | 10.00 | 7500.00 |
| 4 T0069 | उपसंभाग मुंगेली के पथरिया सेक्शन अंतर्गत पोल शिफ्टिंग का कार्य | 10.00 | 7500.00 |
| 4 T0070 | उपसंभाग मुंगेली के सरगाँव में पोल शिफ्टिंग का कार्य | 10.00 | 7500.00 |
| 4 T0071 | उपसंभाग मुंगेली के डबरी से उरिहा नवरंगपुर ब्लाक लोरमी में पोल शिफ्टिंग का कार्य | 6.40 | 5000.00 |
| 4 T0072 | उपसंभाग मुंगेली के गंजी चितवार रोड ब्लाक लोरमी में पोल शिफ्टिंग का कार्य | 8.36 | 6270.00 |
| 4 T0073 | उपसंभाग मुंगेली के हेडपुल अखरार से घानाघाट रोड ब्लाक लोरमी में पोल शिफ्टिंग का कार्य | 8.75 | 6563.00 |
| 4 T0074 | उपसंभाग मुंगेली के घानाघाट से उराईकछार रोड ब्लाक लोरमी में पोल शिफ्टिंग का कार्य | 6.54 | 5000.00 |
| 4 T0075 | उपसंभाग मुंगेली के बैजलपुर से चिल्फी मेनरोड ब्लाक लोरमी में पोल शिफ्टिंग का कार्य | 10.00 | 7500.00 |
| 4 T0076 | उपसंभाग बिलासपुर के मस्तुरी सेक्शन में पोल शिफ्टिंग का कार्य | 10.00 | 7500.00 |
| 4 T0077 | उपसंभाग बिलासपुर के पचपेड़ी सेक्शन में पोल शिफ्टिंग का कार्य | 10.00 | 7500.00 |
| 4 T0078 | उपसंभाग बिलासपुर के मल्हार सेक्शन में पोल शिफ्टिंग का कार्य | 10.00 | 7500.00 |
| 4 T0079 | उपसंभाग बिलासपुर के तखतपुर सेक्शन में पोल शिफ्टिंग का कार्य | 10.00 | 7500.00 |
| 4 T0080 | उपसंभाग बिलासपुर के बेलपान सेक्शन में पोल शिफ्टिंग का कार्य | 10.00 | 7500.00 |
| 4 T0081 | हाई स्कूल भवन करैहापारा ब्लाक कोटा जिला बिलासपुर में विद्युतीकरण कार्य | 6.17 | 5000.00 |

नोट : -1. निविदा आमंत्रण में दर्शाये गये कार्य अनुसार पृथक-पृथक कार्य हेतु अमानत राशि पृथक प्रस्तुत करना होगा।
2. निविदा फार्म का लिफाफा 2 एवं अमानत राशि हेतु लिफाफा-3 को एक बडे लिफाफा-1 के अंदर निविदा सूचना क्रमांक एवं ग्रुप क्रमांक डाल कर पंजीकृत डाक से प्रस्तुत करना होगा। अलग अलग कार्य हेतु अलग अलग लिफाफा प्रस्तुत करना होगा, अन्यथा निविदा खोली नहीं जावेगी।
3. निविदा फार्म के साथ अमानत राशि (टी.डी.आर./ एफ.डी.आर) के लिफाफा के अंदर 100/- का शपथ पत्र डालना अनिवार्य है।
4. आवेदन के जीएसटी नंबर संलग्न करना अनिवार्य है।
5. वित्तीय वर्ष 2024-25 का जीएसटी रिटर्न की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
6. ईपीएफ नंबर की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
निविदा संबंधी शर्ते विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग (वि यां.) - संभाग
बिलासपुर (छ.ग.)

जी-252606037/3

## शब्द पहेली - 6109



**बाएँ से दाएँ**
1.जायकेदार,लजीज-5
4.नट का खेल-4
7.राय,वोट-2
8.दुरुह,कठिन-3
9.प्रहार,घात-2
10.अचरज भरा कार्य-4
11.शराब,मद्य-2
13.साझेदार-4
14.क्षण,लम्हा-2
16.सहयोग-3
18.अड़िग-3
19.कैद, बंधक-3,2
21.चुगली करना-2,3
24.धावक (अंग्रेजी-3)
26.अग्नि, आग-3
28.टैक्स, हाथ-2
29.एक मुगल सम्राट-4
30.टकटकी-2
32.कैंची से काटना-4
33.आत्मा-2
35.सीरा,मिष्ठान-3
36.आगमन-2
37.जोरदार-4
38.तेज दौड़ना-5

**ऊपर से नीचे**
1.बुरी आदत-2
2.झगड़ा,रार-4
3.फिल्मी दुनिया-3,2
4.लेखनी,पेन-3
5.इस पर रोटी सेंकते हैं-2
6.वटवृक्ष-4
7.मन को भाने वाला-5
10.बुरा आचरण-4
12.यमराज-2
15.चुनौती-4
17.विदरण,एकता भंग-3
18.आर्द्रक-4
20.भूमि,धरती-3
22.आवेश में आना-4
23.नामकरण-2,3
25.नरक में रहना-5
26.जामफल-4
27.बेल,लतिका-2
29.प्रार्थना,ईश्वर वंदना-4
31.जलजला-3
34.मैं का बहुवचन-2
36.रुपये का सोलहवां भाग-2

### शब्द पहेली- 6108 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स | द | च | रि | त्र | | | ब | ह | रा | |
| मा | मा | | या | | अ | द | द | | ह | क |
| ज | | | स | ज | दा | | न | | | हा |
| वा | र | दा | त | | | श | | प | नी | र |
| दी | | मि | | ह | म | रा | ज | | र | |
| | रा | नी | | रा | | फ | | बी | ज | |
| | ह | | श | र | ब | त | | ह | | म |
| क | त | रा | | त | | | अ | ड़ | च | न |
| हा | | | चिं | | म | लि | न | | | भा |
| नी | र | | त | न | य | | ब | | श | व |
| | थ | का | न | | | म | न | मो | ह | न |

## सूडोकु नवताल- 6119

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | | 1 | | |
| | | | | 2 | 5 | 7 | 3 | |
| | 9 | 4 | | 6 | 7 | | | 2 |
| | 5 | | 4 | | 3 | | | 9 |
| | 8 | | | 9 | | | 7 | |
| 1 | | | 6 | | 8 | | 2 | |
| 6 | | | 7 | 4 | | 9 | 5 | |
| | 4 | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | | 8 | | | | 6 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल- 6118 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 7 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 9 |
| 6 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 |

# पत्रकारिता विवि में नियम विरुद्ध नियुक्तियां हाईकोर्ट ने निराकरण करने कहा

बिलासपुर। कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय, रायपुर में शिक्षकों की कथित नियम विरुद्ध नियुक्तियों को लेकर दायर याचिका पर हाईकोर्ट ने महत्वपूर्ण आदेश पारित किया है। यह याचिका डॉ. शिवकृपा मिश्रा द्वारा दायर की गई थी, जिसमें उन्होंने विश्वविद्यालय में नियुक्त पंकज नयन पाण्डेय (एसोसिएट प्रोफेसर, पत्रकारिता विभाग) एवं राजेंद्र मोहंती (असिस्टेंट प्रोफेसर, जनसंचार विभाग) की नियुक्तियों को नियमों के विरुद्ध बताते हुए चुनौती दी थी।

मामले की सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता डॉ. शिवकृपा मिश्रा की ओर से यह तथ्य न्यायालय के समक्ष रखा गया कि नियुक्तियों से संबंधित उनके द्वारा प्रस्तुत अभ्यावेदन लंबे समय से लंबित हैं, किंतु विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा अब तक उन पर कोई निर्णय नहीं लिया गया है। इसे गंभीर प्रशासनिक उदासीनता मानते हुए न्यायालय से हस्तक्षेप की मांग की गई। हाईकोर्ट ने मामले की प्रकृति को देखते हुए कुलपति एवं विश्वविद्यालय प्रशासन को निर्देशित किया कि वे डॉ. शिवकृपा मिश्रा द्वारा प्रस्तुत समस्त लंबित अभ्यावेदनों पर कानून के अनुरूप आदेश की प्राप्ति से दो माह के भीतर निर्णय लें। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि शिकायतकर्ता की आपत्तियों पर विचार करना विश्वविद्यालय प्रशासन का दायित्व है और वह इससे बच नहीं सकता। इसी आधार पर याचिका का निराकरण करते हुए समयबद्ध निर्देश जारी किए गए हैं। याचिका में यह भी आरोप लगाया गया है कि पंकज नयन पाण्डेय यूजीसी द्वारा निर्धारित न्यूनतम अहर्ताओं को पूरा नहीं करते और वे केवल एम.ए. उत्तीर्ण हैं। इसके बावजूद उन्हें योग्य एवं मैरिटधारी अभ्यर्थियों को दरकिनार कर एसोसिएट प्रोफेसर पद पर नियुक्त किया गया। याचिका में यह भी कहा गया कि बिना नेट/सेट पीएचडी के पत्रकारिता विश्वविद्यालय में सीधे एसोसिएट प्रोफेसर बना दिया गया है।

# हाईकोर्ट ने वाड्रफनगर के पूर्व सीईओ की एफआईआर रद्द करने पेश याचिका खारिज की



**बिलासपुर**। हाईकोर्ट ने बलरामपुर-रामनुजगंज जिला के वाड्रफनगर जनपद पंचायत के पूर्व सीईओ के खिलाफ दर्ज एफआईआर को रद्द करने पेश याचिका को खारिज किया है। सीईओ के खिलाफ वाड्रफनगर बसंतपुर पुलिस ने फर्जी वर्क आर्डर जारी कर शासन को 30 लाख रुपए से अधिक का आर्थिक नुकसान पहुंचाने के आरोप में धारा 467, 468, 420, 409 और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 7(1-13) के तहत अपराध दर्ज किया है। मामले में पुलिस ने न्यायालय में चालान पेश किया है।

याचिकाकर्ता श्रीमती ज्योति बबली कुजूर बलरामपुर-रामनुजगंज जिला में डिप्टी कलेक्टर के पद में पदस्थ की। कलेक्टर ने कार्य विभाजन कर उन्हें वाड्रफनगर में पदस्थ किया था। वाड्रफनगर जनपद पंचायत में मुख्य कार्यपालन अधिकारी के पद में पदस्थ रहने के दौरान वेदप्रकाश पांडेय ने उनके खिलाफ सरकारी धन के दुरूपयोग करने की शिकायत की। इस पर 30 अप्रैल 2020 को बसंतपुर पुलिस ने उनके खिलाफ जुर्म दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया। इसके साथ ही विभागीय जांच भी कराई गई। सामान्य प्रशासन विधि एवं विधाई कार्य विभाग ने उनके खिलाफ मुकदमा चलाने की अनुमति प्रदान की। इस पर पुलिस ने न्यायालय में चालान पेश किया है। इसके खिलाफ उन्होंने याचिका पेश कर पुलिस चौकी-वाड्रफनगर पुलिस स्टेशन, बसंतपुर, जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज में याचिकाकर्ता के खिलाफ धारा 467, 468, 420, 409 और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धारा 7(1-13) के तहत दर्ज एफआईआर को रद्द करने, अतिरिक्त सचिव, छत्तीसगढ़ सरकार, कानून और विधायी कार्य विभाग, रायपुर द्वारा अभियोजन के लिए दी गई मंजूरी को रद्द करने की मांग की गई।

### मामले में हस्तक्षेप से किया

याचिका में कहा गया कि एसडीओ पी वाड्रफनगर से व्यक्तिगत दुश्मनी के कारण उनके खिलाफ झुठा मुकदमा दर्ज किया गया है। याचिकाकर्ता के खिलाफ विभागीय जांच की कार्यवाही शुरू की गई और पूरी विभागीय जांच पूरी होने के बाद, 28 जुलाई 2021 के आदेश से याचिकाकर्ता को आरोप से बरी कर दिया गया है। इस आधार पर याचिका को स्वीकार करने की मांग की गई थी। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा एवं जस्टिस अरविंद कुमार वर्मा की डीबी में सुनवाई हुई। कोर्ट डीबी ने अपने आदेश में कहा कि याचिकाकर्ता की ओर से मुख्य दलील यह है कि पूरी क्रिमिनल कार्रवाई उस समय के एसडीओ पी ध्रुवेश जायसवाल के बीच पर्सनल दुश्मनी का नतीजा है, जिन्होंने कथित तौर पर उसे झूठा फंसाने की धमकी दी थी। रिकार्ड देखने से साफ है कि याचिकाकर्ता के खिलाफ वेदप्रकाश पांडेय शिकायत दर्ज कराई है। कोर्ट ने सुनवाई के बाद कहा कि याचिकार्ता द्वारा उठाए गए तर्क मूल रूप से सबूतों के मूल्यांकन की मांग करते हैं, जो पूरी तरह से ट्रायल कोर्ट के अधिकार क्षेत्र में आता है। कोर्ट ने मामले में हस्तक्षेप से इंकार करते हुए याचिका को खारिज किया है।

# लेक्चरर पदोन्नति में गड़बड़ी हाईकोर्ट ने रोक लगाई

बिलासपुर। शिक्षा विभाग ने टीचर एलबी की नियुक्ति में श्रीमती नमिता राठौर, सुषमा साहू और अंजू दुबे को वरिष्ठता सूची में गलत विषय अंकित करके पदोन्नति के अधिकार से वंचित कर दिया। रायपुर जिले में हुई इस नियुक्ति में जीवविज्ञान की शिक्षिकाओं ने वरिष्ठता सूची में पाया कि अपने नाम के आगे विषय में जीवविज्ञान के स्थान पर केवल विज्ञान लिखा हुआ पाया जिसके कारण उनका नाम जीवविज्ञान के लेक्चरर के पद पर पदोन्नति के लिए शामिल नहीं किया गया।

इसके खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई कि श्रीमती अंजू दुबे 1998 से कार्यरत हैं और यह उनके लिए पदोन्नति का अंतिम अवसर था जो उन्होंने विभाग की लापरवाही के कारण गवा दिया। वहीं दुर्ग संभाग के टीचर एलबी के पद पर नियुक्त चेतन कुमार चतुर्वेदी समेत अन्य शिक्षकों को एक अप्रैल 2023 की वरिष्ठता सूची में नाम कनिष्ठ शिक्षकों से नीचे रखा गया जिसके कारण वे लेक्चरर के पद पर उसी पदोन्नति आदेश के तहत पदोन्नत होने से वंचित रह गए और उनसे कनिष्ठ शिक्षकों को पदोन्नति प्राप्त हो गई। कोर्ट ने सुनवाई के बाद आदेश पारित कर विभाग की लापरवाही पाते हुए पदोन्नति आदेश पर रोक लगा दी है।

# शराब घोटाला मामले में सौम्या चौरसिया को ईओडब्लू ने किया अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज:रायपुर

शराब घोटाला के आरोप में न्यायिक रिमांड पर जेल में बंद राज्य प्रशासनिक सेवा की निलंबित अफसर सौम्या चौरसिया को ईओब्लू ने बुधवार को गिरफ्तार किया। ईओडब्लू ने सौम्या का कोर्ट से प्रोटेक्शन वारंट में अपनी कस्टडी में लिया है। जांच एजेंसी ने सौम्या को ईओडब्लू की स्पेशल कोर्ट में पेश कर पूछताछ करने 16 जनवरी तक पुलिस रिमांड हासिल की है। शराब घोटाला के आरोप में सौम्या चौरसिया ईडी के प्रकरण में जेल में बंद है। सौम्या ने अपनी जमानत के लिए हाईकोर्ट में अर्जी भी दाखिल की थी, जिसे कोर्ट ने मंगलवार को खारिज कर दी। हाईकोर्ट से याचिका खारिज होने के दूसरे दिन सौम्या को ईओडब्लू ने गिरफ्तार कर पूछताछ करने पुलिस रिमांड हासिल की है। अपनी गिरफ्तारी को लेकर सौम्या चौरसिया ने सुप्रीम कोर्ट में भी याचिका दाखिल की है।

- पूछताछ करने 16 जनवरी तक पुलिस रिमांड


**छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड**
(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम) (छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मण्डल की एक उत्तरवर्ती कम्पनी)
**कार्या.कार्यपालन अभियंता (परियोजना) संभाग अम्बिकापुर**

क्रमांक कार्य/परि.//1290 अम्बिकापुर दिनांक 13/01/2026

**आवश्यक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एसटीएन योजनांतर्गत छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्युशन कम्पनी लिमिटेड द्वारा 33/11 केव्ही उपकेन्द्र ग्राम-चंगोरी के लिये खींचे गये नवीन 33 केव्ही लाईन में दिनांक 15.01.2026 से कभी भी विद्युत प्रवाह चालू किया जावेगा। सर्व संबंधित को सूचित किया जाता है कि उक्त नवनिर्मित 33 केव्ही लाईन से भारतीय विद्युत अधिनियम के अनुसार निर्धारित दूरी बनाकर रखें। उक्त लाईन के खम्भें, तार एवं स्टे इत्यादि से किसी भी प्रकार से छेड़छाड़ से जानमाल की क्षति की आशंका है अत: उक्त लाईन से किसी भी प्रकार का छेड़छाड़ न करें।

यह सूचना जनहित में जारी की जाती है।
स्वहित एवं राष्ट्रहित में उर्जा की बचत करें

कार्यपालन अभियंता (परियोजना) संभाग
छ.स्टे.पॉ.डि.कं.लिमि.अम्बिकापुर



**छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड**
(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम) (छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मण्डल की एक उत्तरवर्ती कम्पनी)
**कार्या.कार्यपालन अभियंता (परियोजना) संभाग अम्बिकापुर**

क्रमांक कार्य/परि.//1290 अम्बिकापुर दिनांक 13/01/2026

**आवश्यक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एसटीएन योजनांतर्गत छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्युशन कम्पनी लिमिटेड द्वारा 33/11 केव्ही उपकेन्द्र ग्राम-प्रतापपुर नाका गोधनपुर अम्बिकापुर शहर के लिये खींचे गये नवीन 33 केव्ही लाईन में दिनांक 15.01.2026 से कभी भी विद्युत प्रवाह चालू किया जावेगा। सर्व संबंधित को सूचित किया जाता है कि उक्त नवनिर्मित 33 केव्ही लाईन से भारतीय विद्युत अधिनियम के अनुसार निर्धारित दूरी बनाकर रखें। उक्त लाईन के खम्भें, तार एवं स्टे इत्यादि से किसी भी प्रकार से छेड़छाड़ से जानमाल की क्षति की आशंका है अत: उक्त लाईन से किसी भी प्रकार का छेड़छाड़ न करें।

यह सूचना जनहित में जारी की जाती है।
स्वहित एवं राष्ट्रहित में उर्जा की बचत करें

कार्यपालन अभियंता (परियोजना) संभाग
छ.स्टे.पॉ.डि.कं.लिमि.अम्बिकापुर


# आपराधिक कानून को उत्पीड़न का साधन बनने की अनुमति नहीं दी जा सकती

**बिलासपुर**। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने दहेज प्रताडना के एक मामले में महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए मोहम्मद शाहरुख खान और उनके परिजनों के खिलाफ दर्ज एफआईआर व आपराधिक कार्यवाही को रद्द कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि वैवाहिक विवादों में पति के पूरे परिवार को बिना विशिष्ट आरोपों के आपराधिक मुकदमों में घसीटने की प्रवृत्ति पर चिंता जताई गई है, और स्पष्ट किया कि बिना विशिष्ट और पुष्ट आरोपों वाले विवाद प्रकरणों को खारिज कर दिया गया, और यह दोहराया गया कि आपराधिक कानून को उत्पीड़न का साधन बनने की अनुमति नहीं दी जा सकती।

- दहेज का केस रद्द, पति व ससुराल पक्ष को राहत

मोहम्मद शाहरुख खान बिलासपुर छत्तीसगढ़ निवासी का विवाह मुस्लिम रीति रिवाज से सदररोड बरेजपारा अंबिकापुर के मुस्लिम परिवार की पुत्री से दिनांक 18 जनवरी 2022 को हॉटल सिल्वर रॉक्स बिलासपुर में सम्पन्न हुआ। पति-पत्नी में आपसी तालमेल नहीं होने के कारण मोहम्मद शाहरुख खान द्वारा पत्नी को 18 दिसंबर 2023 को अंबिकापुर पत्नी को उनके घर छोडकर आया गया। तीन महीने बाद 19 मार्च 2024 को पत्नी द्वारा महिला थाना अबिकापुर एवं जिला कलेक्टर बिलासपुर को पति के विरूद्ध दहेज प्रताड़ना आदि की शिकायत की गई। आरोप लगाया गया कि स्त्रीधन को पति द्वारा रख लिया गया है।

कोर्ट ने सुनवाई के दौरान पाया कि महिला थाना, अंबिकापुर में दर्ज अपराध क्रमाक 10/2024 में लगाए गए आरोप सामान्य, अस्पष्ट और ठोस तथ्यों से रहित हैं, जिनसे धारा 498ए आईपीसी व दहेज निषेध अधिनियम की धाराओं के तहत कोई स्पष्ट अपराध बनता नहीं दिखता। सुनवाई के दौरान पत्नी की ओर से 25 लाख रुपए की एकमुश्त भरण पोषण / समझौता राशि की मांग का उल्लेख भी आया, जिसे न्यायालय ने अस्वीकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि वैवाहिक विवादों में पति के पूरे परिवार को बिना विशिष्ट आरोपों के आपराधिक मुकदमों में घसीटने की प्रवृत्ति पर चिंता जताई गई है, और स्पष्ट किया कि बिना विशिष्ट और पुष्ट आरोपों वाले विवाद प्रकरणों को खारिज कर दिया गया, और यह दोहराया गया कि आपराधिक कानून को उत्पीड़न का साधन बनने की अनुमति नहीं दी जा सकती।

# गणवेश की आपूर्ति में करोड़ों की अनियमितता, कमेटी बनी पर जांच नहीं

**रायपुर**। छत्तीसगढ़ राज्य हथकरघा विकास एवं विपणन सहकारी संघ मर्यादित में करोड़ों रुपए की अनियमितता एवं गोदाम से लाखों रुपए के धागे गायब होने जैसी गंभीर घटनाएं घटने के बाद भी विभाग इसे लेकर चिंतित नहीं है। गणवेश की आपूर्ति में करोड़ों रुपए की अनियमितता का मामला सामने आया है, जिसकी जांच के लिए विभाग ने दिसंबर में एक कमेटी भी गठित की थी। इस कमेटी को 15 दिनों के भीतर रिपोर्ट पेश करना था, लेकिन समय-सीमा खत्म होने के कई दिनों बाद भी कमेटी ने अभी तक इस मामले की जांच तक शुरू नहीं की है। इधर दूसरी ओर हथकरघा संघ के भनपुरी गोदाम से गायब हुए 17 लाख रुपए मूल्य के धागों का अब तक सुराग नहीं मिल पाया है।


**कार्यालय नगर पंचायत जरही, जिला-सूरजपुर (छ.ग.)**
Email-jarhi nagarpanchyat@rediffmail.com

कमांक /24 /लो.नि./न.पं./2025-26 जरही दिनांक 14/01/2026

**: ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना :**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नालिखित कार्य हेतु ऑनलाईन ई-प्रोक्योरमेट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in में आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | सिस्टम टेण्डर क्र. | कार्य का विवरण | लागत राशि (लाख) | निविदा दर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 183770 | वार्ड क्र. 01 में छवि राजवाडे घर से अशोक नाहक के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य | 16.65 | 05.02.2026 5:30pm |
| 2 | 183785 | वार्ड क्र. 02 में अहमद शू सेन्टर से बी.पी. ज्वेलर्स तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य | 10.83 | 05.02.2026 5:30pm |
| 3 | 183784 | वार्ड क्र. 10 में डुमरिया बांध सौंदर्यीकरण। | 53.78 | 05.02.2026 5:30pm |

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब साईट http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है एवं कार्यालयीन अवधि में कार्यालय आकर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत जरही
जिला-सूरजपुर (छ.ग.)


# दो साल में 11.40 लाख श्रमिकों का पंजीयन

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

श्रम विभाग की गतिविधियों एवं उपलब्धियों के संबंध में श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन बताया कि अधीन मंडलों द्वारा विगत 2 वर्षो में 11.40 लाख श्रमिकों का पंजीयन किया गया, जिसमें लगभग 9.4 लाख निर्माण श्रमिक, 1.39 लाख असंगठित श्रमिक एवं 98 हजार संगठित श्रमिक शामिल हैं। विभाग के अधीन मंडलों द्वारा संचालित कुल 71 योजनाओं में 29.55 लाख श्रमिकों को 804.77 करोड़ राशि से लाभान्वित किया गया है। मंत्री ने बताया कि इज ऑफ डूईंग व्यवस्था के तहत कारखनों का निरीक्षण स्वचलित प्रणाली द्वारा किया जा रहा है। विगत 2 वर्षों में प्रदेश के कारखानों का कारखाना अधिनियम अंतर्गत कुल 2218 निरीक्षण किये गये हैं। प्रावधानों के उल्लंघन पाये जाने पर कारखाना प्रबंधनों के विरूद्ध 666 अभियोजन श्रम न्यायालय में दायर किये गये हैं तथा कुल 5 करोड़ रुपये से अधिक का जुर्माना वसूल किया गया है। उन्होंने बताया कि कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम अंतर्गत विगत 2 वर्षों में बीमित कामगारों की संख्या 4.60 लाख से बढ़कर 6.26 लाख हो गई है।

### 4 नए औषधालय खोले जाएंगे

रायपुर, कोरबा, रायगढ़ तथा भिलाई में 100 बिस्तर-युक्त चिकित्सालय संचालित है तथा शीघ्र ही बिलासपुर में चिकित्सालय प्रारंभ करने हेतु कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। इसी प्रकार राज्य में 43 औषधालय संचालित है और 4 नवीन औषधालय खोले जाने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। कर्मचारी राज्य बीमा सेवायें के अंतर्गत रायगढ़, कुम्हारी तथा बीरगांव औषधालय का उन्नयन कर इन्हे मॉडल औषधालय के रूप में विकसित किया जायेगा।

### कर्मचारियों की नई श्रेणी का प्रावधान

उन्होंने कहा, विभाग द्वारा भारत सरकार के अनुशंसा एवं बिजनेस रिफार्मस के तहत निर्धारित सभी 17 रिफार्मस को राज्य के श्रमिकों तथा नियोजकों के हित में लागू किया जा चुका है। छोटे व्यापारियों को छूट प्रदाय करने 10 या 10 से अधिक श्रमिक नियोजन वाले संस्थानों पर लागू किया गया है। उन्होंने कहा, कर्मचारियों की नयी श्रेणी 'नियत कालिक नियोजन कर्मकार' का प्रावधान किया गया है, जिन्हें नियमित कर्मचारियों के समान वेतन भत्ते एवं अन्य सुविधाएं प्राप्त होगी। महिला सशक्तिकरण के दृष्टिगत रात्रिपाली में महिला कर्मकारों को सशर्त नियोजन का अधिकार दिया गया है।


केनरा बैंक Canara Bank
भारत सरकार का उपक्रम A Govt. of India Undertaking
सिंडिकेट Syndicate

केनरा बैंक, स्पेशलाइज्ड, ए.आर.एम. शाखा, प्लाट नं. 4, पीएसपी एरिया, एम्स के पास, साकेत नगर, भोपाल फोन : 8989014648

**ई-नीलामी सूचना**

परिशिष्ट - IV क [ नियम 8(6) एवं 6(2) का परन्तुक देखें ]

**चल/अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) एवं 6(2) के अन्तर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय सूचना

आम जनता को साधारणतः एवं निम्न वर्णित अचल संपत्तियों के ऋणियों एवं जमानतदारों को विशेषतः सूचित किया जाता है कि निम्नवर्णित संपत्तियाँ **केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के पास बंधक है तथा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे वर्णित संपत्तियों का उसके **कब्जा** ले लिया गया है। निम्नवर्णित संपत्तियों का विक्रय दिनांक **06/02/2026** को **केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के बकाया राशि को वसूल करने हेतु "जैसा है जहां है, जो है जैसा है" एवं "जो कुछ भी है" के आधार पर किया जा रहा है।

| शाखा एवं खाते/ जमानतदार का नाम | संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति मालिक का नाम | मांग सूचना दिनांक / कब्जा दिनांक / बकाया राशि | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड बढ़ाने की राशि |
|---|---|---|---|
| ऋणी: **मेसर्स लालचंदानी केमिकल्स प्रोपराइटर- श्री संजय लालचंदानी** ब्लॉक बी, प्लॉट नंबर 10 औद्योगिक क्षेत्र सिलपहरी, बिलासपुर, छत्तीसगढ़ 495001 **श्री संजय लालचंदानी** | **भूमि एवं भवन (लीज होल्ड संपत्ति) स्थित सिलपहारी औद्योगिक क्षेत्र, ब्लॉक बी, प्लॉट नंबर 10, खसरा नंबर 18 और 42 का भाग, मौजा-सिलपहारी, तहसील- बिल्हा, जिला- बिलासपुर, छत्तीसगढ़ क्षेत्रफल 2000 वर्गमीटर 21528 वर्गफिट, संपत्ति मालिक- मेसर्स लालचंदानी केमिकल, द्वारा प्रोपराइटर- श्री संजय लालचंदानी पुत्र वीरदेव लाल लालचंदानी के नाम पर आवंटित, लीजहोल्ड पीरियड 06.05.2022 से शुरू होकर 05.05.2121 को समाप्त होगा चर्तुसीमाएं:** पूर्व-प्लॉट नंबर 11, पश्चिम-प्लॉट नंबर 9, उत्तर-प्लॉट नंबर 43 ए बी और सी, दक्षिण- 24 मीटर चौड़ी सड़क • भूमि/शेड-भवन का उपयोग केवल उद्योग स्थापित करने के लिए किया जा सकता है। • सफल बोलीदाता द्वारा राज्य सरकार/उद्योग निदेशालय/जिला व्यापार और औद्योगिक केंद्र/सीएसआईडीसी लिमिटेड द्वारा आवंटित भूमि/शेड के लिए उस समय प्रचलित भूमि हस्तांतरण शुल्क और ब्याज सहित पुराने बकाया का भुगतान करना होगा। • अनुमति उसी प्रयोजन के लिए होगी जिसके लिए भूमि/शेड भवन आवंटित किया गया है। • खरीदार को संपत्ति का कब्जा प्राप्त होने की तारीख से 90 दिनों के भीतर भूमि आवंटन/हस्तांतरण के लिए आवेदन जमा करना होगा। BAANKNET PROPERTY ID: CNRB311983022 COORDINATES: 22.01818, 82.191135 सांकेतिक कब्जा | 24/06/2024 / 17/09/2024 / दि. 14/01/2026 को ₹ 18,46,823.03/- +ब्याज एवं अन्य खर्चे | ₹ 47,12,000/- / ₹ 4,71,200/- / ₹ 10000/- |

धरोहर राशि (ईएमडी) जमा करने की अंतिम तिथि 05/02/2026 या उससे पूर्व सायं 5.00 बजे तक
ई-नीलामी की दिनांक एवं समय : 06/02/2026, दोपहर 12.00 से दोपहर 2.00 बजे तक (5 मिनिट के असीमित विस्तार पर)

(1) इच्छुक बोलीदाताओं को आरक्षित मूल्य की 10% अग्रिम राशि (ईएमडी) सीधे मेसर्स पीएसबी अलायंस प्राइवेट लिमिटेड (baanknet.com) पोर्टल के ई-वॉलेट में जमा करनी होगी या चालान जनरेट करके बोली जमा करने की उपरोक्त तिथि को उक्त चालान में उल्लिखित खाता विवरण में आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से ईएमडी जमा करनी होगी।
(2) सफल बोलीदाता को बिक्री मूल्य का 25% (पहले से भुगतान की गई ईएमडी सहित) उसके पक्ष में बिक्री होने के तुरंत बाद जमा करना होगा और शेष राशि बिक्री की पुष्टि की तिथि से 15 दिनों के भीतर जमा करनी होगी। यदि सफल बोलीदाता उपरोक्त अनुसार बिक्री मूल्य का भुगतान करने में विफल रहता है, तो उसके द्वारा जमा की गई राशि जब्त कर ली जाएगी।
(3) सभी शुल्क, स्टांप शुल्क/जीएसटी पंजीकरण शुल्क आदि, जैसा लागू हो और कोई भी कर, राजस्व/किसी भी स्थानीय प्राधिकारी को बकाया आदि केवल सफल बोलीदाता द्वारा वहन किया जाएगा।
विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु वेबपोर्टल http://BAANKNET.com देखें अथवा सम्पर्क करें- मुख्य प्रबंधक, केनरा बैंक, स्पेशलाइज्ड, ए.आर.एम. शाखा, प्लाट नं. 4, पीएसपी एरिया, एम्स के पास, साकेत नगर, भोपाल 8989014648, 8057766078, 9755569030 9691096410, 9123403299 (भोपाल), 7905027805 (जबलपुर एवं बिलासपुर), 7683068902 (रायपुर), 9140476074 (ग्वालियर), 9830130770 (इंदौर), 8073562754 (BHOPAL)
दिनांक : 14-01-2026, स्थान : भोपाल प्राधिकृत अधिकारी केनरा बैंक





# इंग्लिश लीग कप : फाइनल की दहलीज पर मैनचेस्टर सिटी



एजेंसी ▸▸| लंदन।

मैनचेस्टर सिटी के नए खिलाड़ी एंटोनी सेमेन्यो ने लगातार दूसरे मैच में गोल किया, जिससे उनकी टीम न्यूकैसल को 2-0 से हराकर इंग्लिश लीग कप फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाने के करीब पहुंच गई। पिछले सप्ताह बोर्नमाउथ से 87 मिलियन डॉलर में मैनचेस्टर सिटी में शामिल हुए इस फॉरवर्ड खिलाड़ी ने सेंट जेम्स पार्क में सेमीफाइनल के पहले चरण में 53वें मिनट में पहला गोल दागा।

मैनचेस्टर सिटी के लिए स्थानापन्न खिलाड़ी रेयान चेर्की ने इंजरी टाइम में दूसरा गोल किया। सेमेन्यो ने सप्ताहांत में एफए कप में एक्सेटर के खिलाफ मैच में मैनचेस्टर सिटी की तरफ से पदार्पण करते हुए गोल किया था। उनकी टीम ने यह मैच 10-1 से जीता था। मैनचेस्टर सिटी ने लीग कप आठ बार जीता है और पेप गार्डियोला के मुख्य कोच बनने के बाद उसने चार बार यह खिताब अपने नाम किया है। मैनचेस्टर सिटी ने आखिरी बार 2021 में यह खिताब जीता था। लीग कप का दूसरा सेमीफाइनल चेल्सी और आर्सेनल के बीच खेला जाएगा।

# कोपा डेल रे : क्वार्टर फाइनल में एटलेटिको मैड्रिड

एजेंसी ▸▸| मैड्रिड

एंटोनी ग्रिज़मैन ने फ्री किक पर दर्शनीय गोल किया, जिससे एटलेटिको मैड्रिड ने डेपोर्टिवो ला कोरुना को 1-0 से पराजित करके कोपा डेल रे फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की की। ग्रीजमैन ने 61वें मिनट में बाएं पैर से करारा शॉट लगाकर यह गोल किया, जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ। इस तरह से 34 वर्षीय ग्रीजमैन ने पिछले छह मैचों में पांचवां गोल दागा। एटलेटिको मैड्रिड की टीम सऊदी अरब में खेले गए स्पेनिश सुपर कप के सेमीफाइनल में रियाल मैड्रिड से 1-2 से हार गई थी।

कोपा डेल रे के अन्य मैचों में रियाल सोसिदाद ने ओसासुना को पेनल्टी शूटआउट में 4-3 से हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। मैच नियमित समय और अतिरिक्त समय में 2-2 से बराबर रहा था। एथलेटिक बिलबाओ ने दूसरी डिवीजन की टीम कल्चरल लियोनेसा को 4-3 से हराया।

## ग्रीजमैन का दर्शनीय गोल



## खबर संक्षेप



### पाकिस्तान की महिला टीम के 'मेंटोर' बने रियाज

**लाहौर।** पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज वहाब रियाज को अगले महीने दक्षिण अफ्रीका में होने वाली सीमित ओवरों की श्रृंखला के लिए पाकिस्तान की राष्ट्रीय महिला टीम का 'मेंटोर' (मार्गदर्शक) नियुक्त किया गया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने कहा कि वहाब टीम के 'मेंटोर' होंगे और उन्हें पूर्व खिलाड़ियों इमरान फरहत और अब्दुल रहमान सहित कोचिंग स्टाफ का सहयोग मिलेगा। पाकिस्तान की महिला टीम की कप्तानी फातिमा सना करेंगी। भारत और श्रीलंका में पिछले साल नवंबर में खेले गए आईसीसी महिला वनडे विश्व कप में मिली करारी हार के बाद यह टीम का पहला दौरा होगा। पाकिस्तान आठ टीमों की प्रतियोगिता में आखिरी स्थान पर रहा था, जिसके बाद मुख्य कोच मोहम्मद वसीम को बर्खास्त कर दिया गया था।

### कर्नाटक और विदर्भ के बीच पहला सेमीफाइनल पडिक्कल पर रहेगी नजर



**बेंगलुरु।** बेहतरीन फॉर्म में चल रहे देवदत्त पडिक्कल कर्नाटक और विदर्भ के खिलाफ गुरुवार 15 जनवरी को यहां होने वाले विजय हजारे ट्रॉफी के पहले सेमीफाइनल में दोनों टीमों के बीच मुख्य अंतर पैदा कर सकते हैं। पडिक्कल इस समय शानदार बल्लेबाजी कर रहे हैं। उन्होंने अपनी बेहतरीन फॉर्म का नजारा मुंबई के खिलाफ सेमीफाइनल में किया था, जहां उनके नाबाद अर्धशतक की मदद से कर्नाटक ने जीत हासिल की थी। इस 25 वर्षीय खिलाड़ी ने मौजूदा सत्र में चार शतक लगाए हैं और वह टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष पर पहुंच गए हैं।

### पाकिस्तान में तीन मैच खेलेगा ऑस्ट्रेलिया



**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने बताया कि भारत और श्रीलंका में होने वाले आईसीसी टी20 विश्व कप से पहले ऑस्ट्रेलिया लाहौर में तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगा। पाकिस्तान और ऑस्ट्रेलिया विश्व कप से पहले 29 और 31 जनवरी तथा एक फरवरी को लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में दिन रात्रि टी20 मैच खेलेंगे। ऑस्ट्रेलिया विश्व कप के ग्रुप मैच भारत में खेलेगा, जबकि पाकिस्तान को अपने सभी मैच श्रीलंका में खेलने हैं। यह अप्रैल 2022 के बाद पहला अवसर होगा जबकि ऑस्ट्रेलिया टी20 श्रृंखला के लिए पाकिस्तान का दौरा करेगा। ऑस्ट्रेलियाई टीम 28 जनवरी को लाहौर पहुंचेगी।

## क्रिकेट : कीवी टीम ने मुकाबला किया अपने नाम, 7 विकेट से जीता मैच

# न्यूजीलैंड ने की भारत के खिलाफ वनडे सीरीज में वापसी, मिचेल ने खेली शतकीय पारी

एजेंसी ▸▸| राजकोट

डेरिल मिचेल की नाबाद 131 रन की पारी और विल यंग (87) के साथ तीसरे विकेट के लिए 162 रन की साझेदारी के दम पर न्यूजीलैंड ने तीन मैचों की श्रृंखला के दूसरे वनडे मैच में भारत को सात विकेट से शिकस्त दी। भारतीय स्पिन गेंदबाज एक बार फिर घरेलू मैदान पर प्रभाव नहीं छोड़ सके और न्यूजीलैंड ने जीत के लिए मिले 285 रन के लक्ष्य को 15 गेंद शेष रहते हासिल कर तीन मैचों की श्रृंखला 1-1 से बराबर कर ली। निरंजन शाह स्टेडियम की स्पिनरों की मददगार पिच पर न्यूजीलैंड ने न सिर्फ बेहतर ढंग से परिस्थितियों के अनुसार खुद को ढाला बल्कि भारत से कहीं बेहतर प्रदर्शन भी किया। केएल राहुल की 91 गेंदों में खेली गई नाबाद 112 रन की पारी (नौ चौके और एक छक्का) के बावजूद भारत को सात विकेट पर 284 रन ही बना सका। न्यूजीलैंड ने खराब शुरुआत से उबरते हुए 47.3 ओवर में तीन विकेट पर 286 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। श्रृंखला का निर्णायक तीसरा वनडे रविवार को इंदौर में खेला जाएगा।





### न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज

| | |
|---|---|
| रिकी पोंटिंग | : 1971 रन (50 पारी) |
| विराट कोहली | : 1773 रन (35 पारी)* |
| सचिन तेंदुलकर | : 1750 रन (41 पारी) |
| कुमार संगकारा | : 1568 रन (45 पारी) |
| सनथ जयसूर्या | : 1519 रन (45 पारी) |

### न्यूजीलैंड के खिलाफ सबसे ज्यादा वनडे रन बनाने वाले भारतीय

| | |
|---|---|
| विराट कोहली | : 1773 रन (35 पारी)* |
| सचिन तेंदुलकर | : 1750 रन (41 पारी) |
| वीरेंद्र सहवाग | : 1157 रन (23 पारी) |
| रोहित शर्मा | : 1123 रन (31 पारी)* |
| मोहम्मद अजहरुद्दीन | : 1118 रन (39 पारी) |

### राहुल ने किया कमाल

राजकोट में न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे वनडे में भारतीय टीम के धाकड़ बल्लेबाज केएल राहुल ने बल्ले से बड़ा कमाल कर दिया। मिडिल ऑर्डर के बुरी तरह लड़खड़ाने के बाद केएल राहुल ने मजबूती से एक छोर संभालते हुए बेहतरीन शतक ठोक दिया। केएल ने महज 87 गेंदों पर सेंचुरी ठोकी, जो न्यूजीलैंड के खिलाफ उनका दूसरा वनडे सैकड़ा है। उन्होंने वनडे करियर का 8वां शतक जड़ा। राहुल राजकोट के निरंजन शाह स्टेडियम में वनडे शतक जड़ने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज हैं। केएल से पहले कोई भी भारतीय बल्लेबाज वनडे में यहां तीन डिजिट का स्कोर नहीं बना पाया था। इस धमाकेदार शतकीय पारी के दम पर राहुल मोहम्मद अजहरुद्दीन से आगे निकल गए। केएल ने भारत की ओर से सबसे ज्यादा वनडे शतक लगाने के मामले में अजहरुद्दीन को पछाड़ा। अजहरुद्दीन अपने 334 मैचों के वनडे कॅरियर में सिर्फ सात शतक ही लगा पाए थे। हालांकि, राहुल ने यह कारनामा अपने करियर के सिर्फ 93वें वनडे में ही कर दिखाया।

### खास अंदाज में सेलिब्रेट किया शतक

केएल ने अनोखे अंदाज में अपना शतक का सेलिब्रेशन किया। उन्होंने शतक पूरा करने के बाद मुंह में उंगली दबाकर शतक का जश्न मनाया, जिसे उनके बेटी से जोड़कर देखा जा रहा है। इस सेलिब्रेशन का वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

## आईसीसी रैंकिंग

# कोहली की बादशाहत फिर कायम एक बार फिर बने नंबर वन



एजेंसी ▸▸| दुबई


भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने वडोदरा में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला के पहले मैच में शानदार अर्धशतक बनाने के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में रोहित शर्मा को पीछे छोड़कर फिर से शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। यह 37 वर्षीय बल्लेबाज जुलाई 2021 के बाद पहली बार नंबर एक रैंकिंग पर पहुंचा है। पहले वनडे में सस्ते में आउट होने के कारण पूर्व कप्तान रोहित तीसरे स्थान पर खिसक गए हैं।

भारत ने रविवार को खेले गए पहले मैच में न्यूजीलैंड को चार विकेट से हराया था। इस मैच में कोहली ने 91 गेंदों पर 93 रन बनाए। उन्होंने पिछले पांच मैच में कम से कम अर्धशतक जरूर लगाया। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नाबाद 74 रन, दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 135, 102 और नाबाद 65 रन और न्यूजीलैंड के खिलाफ 93 रन बनाए। कोहली ने अक्टूबर 2013 में पहली बार शीर्ष रैंकिंग हासिल की थी। उन्होंने 11वीं बार बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल किया है। वह अब तक कुल 825 दिन शीर्ष पर रह चुके हैं, जो किसी भारतीय बल्लेबाज का रिकॉर्ड है।

### गिल पांचवें स्थान पर बरकरार

शुभमन गिल ने अपना पांचवां स्थान बरकरार रखा है, जबकि श्रेयस अय्यर शीर्ष 10 में शामिल अन्य भारतीय बल्लेबाज हैं। न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर डैरिल मिचेल पहले वनडे में 71 गेंदों पर 84 रन की तूफानी पारी खेलने से एक पायदान आगे दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। वह कोहली (785 अंक) से केवल एक रेटिंग अंक पीछे हैं। मिचेल के साथी खिलाड़ी डेवोन कॉनवे तीन पायदान ऊपर चढ़कर 29वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

# इंडिया ओपन : श्रीकांत जीते पहले दौर से बाहर सिंधू



एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

पीवी सिंधू बुधवार को इंडिया ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट के महिला एकल के पहले दौर में वियतनाम की थुई लिन एनगुएन के खिलाफ पहला गेम जीतने के बावजूद कड़े मुकाबले में हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गईं जबकि किदांबी श्रीकांत हमवतन थारुन मानेपल्ली को हराकर दूसरे दौर में जगह बनाने में सफल रहे। दुनिया की 12वें नंबर की खिलाड़ी और 2017 की चैंपियन सिंधू को एक घंटा और आठ मिनट चले पहले दौर के मुकाबले में दुनिया की 23वें नंबर की वियतनाम की खिलाड़ी एनगुएन के खिलाफ 22-20, 12-21, 15-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी। एनगुएन के खिलाफ सिंधू की यह लगातार तीसरी हार है और उनके लिए यह नतीजा बड़ा झटका है क्योंकि वह पिछले हफ्ते मलेशिया ओपन सुपर 1000 के सेमीफाइनल में पहुंची थी और घरेलू प्रशंसकों को उनसे यहां अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद थी।

### श्रीकांत की जोरदार वापसी

इंडिया ओपन 2015 के चैंपियन और दुनिया के 34वें नंबर के खिलाड़ी श्रीकांत ने पहला गेम गंवाने के बाद जोरदार वापसी करते हुए मान्नेपल्ली को 53 मिनट में 15-21, 21-6, 21-19 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया। दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी श्रीकांत ने पहला गेम गंवाने के बाद दूसरे गेम में एकतरफा जीत दर्ज की और फिर निर्णायक गेम में थारुन की कड़ी चुनौती से पार पाते हुए जीत दर्ज की। श्रीकांत अगले दौर में फ्रांस के पांचवें वरीय क्रिस्टो पोपोव से भिड़ेंगे जिन्होंने चीनी ताइपे के जू वेई वैंग को 13-21, 21-18, 21-19 से हराया।

# पार्ल रॉयल्स की रोमांचक जीत, रजा ने आखिरी गेंद पर लगाया छक्का

**पार्ल।** जिंबाब्वे के ऑलराउंडर सिकंदर रजा ने आखिरी गेंद पर छक्का जड़ा, जिससे पार्ल रॉयल्स ने बोलैंड पार्क में खेले गए एसए20 क्रिकेट मैच में डरबन सुपर जायंट्स पर छह विकेट से रोमांचक जीत हासिल की। रॉयल्स को डेविड विसे के आखिरी ओवर में छह रन और आखिरी गेंद पर दो रन की जरूरत थी। ऐसे में रजा ने धैर्य बनाए रखा और आखिर में अपनी टीम को रोमांचक जीत दिलाई। डरबन सुपर जायंट्स ने कप्तान एडेन मार्क्रम (66) के अर्धशतक और लियम लिविंगस्टोन के 10 गेंद पर नाबाद 32 रन की मदद से पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 186 रन बनाए थे। रॉयल्स ने चार विकेट पर 191 रन बना कर जीत हासिल की। रजा 27 रन बनाकर नाबाद रहे। उनसे पहले रुबिन हरमन (नाबाद 65) और डैन लॉरेंस (63) ने महत्वपूर्ण पारियां खेली। इन दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 106 रन की साझेदारी की। रॉयल्स ने इस जीत से 19 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर कब्जा कर लिया।

# सेंथिलकुमार और टंडन ने की जीत से शुरुआत



**डेट्रॉयट।** मौजूदा पुरुष राष्ट्रीय चैंपियन वेलवन सेंथिलकुमार और रामित टंडन ने खेली जा रही डीआर 21 मोटर सिटी ओपन स्क्वाश प्रतियोगिता में जीत के साथ अपने नए सत्र की शुरुआत की। विश्व रैंकिंग में 46वें स्थान पर काबिज सेंथिलकुमार ने इंग्लैंड के सैमुअल ओसबोर्न वाइल्ड को आसानी से 11-9, 11-5, 11-6 से हराया। विश्व रैंकिंग में 41वें स्थान पर काबिज टंडन को भी किसी तरह की मशक्कत नहीं करनी पड़ी। उन्होंने पहले दौर के मैच में इंग्लैंड के टॉम वाल्श को 11-8, 11-4, 8-11, 11-4 से पराजित किया। इसी बीच क्लीवलैंड में खेले जा रहे स्क्वाश इन द लैंड टूर्नामेंट में विश्व के 52वें नंबर के खिलाड़ी वीर चोटरानी ने पहले दौर में स्थानीय खिलाड़ी इग्नेशियस लाहोरा को 11-3, 11-3, 11-4 से हराया।


**कार्यालय, नगरपालिका परिषद् रतनपुर, जिला- बिलासपुर (छ.ग.)**

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

क्र./2137/न.पा./ लो.नि./ 2026 रतनपुर दिनांक 13.01.2026

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| सिस्टम टेंडर. नं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू.लाख में) | बिड प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 183776 | वार्ड क्रमांक 14 करैहापारा रतनपुर के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य | Rs. 29.62 | 05-02-2026 |
| 183764 | वार्ड क्रमांक 15 मेण्ड्रापारा में भूरा शिकारी आदिवासी समाज भवन निर्माण कार्य | Rs. 25.02 | 05-02-2026 |

उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद् रतनपुर


# अंडर19 विश्व कप : अमेरिका के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा भारत

एजेंसी ▸▸| बुलावायो

कई युवा सितारों से सजी भारतीय टीम अंडर 19 विश्व कप में छठा खिताब जीतने के लिए अमेरिका की अपेक्षाकृत कमजोर टीम के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज करके गुरुवार 15 जनवरी को अपने अभियान की शानदार शुरुआत करना चाहेगी।

अब तक खेले गए 16 अंडर-19 विश्व कप में भारत पांच बार का विजेता रहा है। इस टूर्नामेंट की शुरुआत 1988 में की गई थी और ऑस्ट्रेलिया ने पहला चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया था। विराट कोहली, रोहित शर्मा, केन विलियमसन, जो रूट और स्टीव स्मिथ जैसे खिलाड़ियों ने इसी टूर्नामेंट के जरिए क्रिकेट प्रेमियों का ध्यान अपनी तरफ खींचा था और बाद में उन्होंने खुद को खेल के दिग्गज खिलाड़ियों के रूप में स्थापित किया। भारत ने 2018 के अलावा 2000, 2008, 2012 और 2022 में ट्रॉफी जीती है। वह 2024 में फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से हार गया था लेकिन इस बार वह खिताब का प्रबल दावेदार है।




**केनरा बैंक Canara Bank** A Govt. of India Undertaking | सिंडिकेट Syndicate

सामान्य प्रशासनिक अनुभाग, अंचल कार्यालय, प्लाट नं. 4, पीएसपी एरिया, साकेत नगर बागसेवनिया भोपाल- 462026

**सूचीबद्ध करने हेतु सूचना (EMPANELMENT NOTICE)**

केनरा बैंक द्वारा मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ राज्य में स्थित शाखाओं/कार्यालयों में कार्यो के लिए आर्किटेक्ट, फर्निशिंग/इलेक्ट्रिकल/सिविल से संबंधित ठेकेदारों को सूचीबद्ध (पैनल) करने के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते है।
उक्त हेतु आवेदन प्रस्तुत किए जाने की अंतिम तिथि 06.02.2026 दोपहर 03:00 बजे तक है। आवेदन तथा शुद्धिपत्र/संशोधन केवल बैंक की वेबसाइट https://canarabank.com/-tenders पर उपलब्ध होंगे।

स्थान- भोपाल
दिनांक - 15.01.2026

कृते
सहायक महाप्रबंधक
अंचल कार्यालय, भोपाल

**कार्यालय नगर पालिक निगम बिलासपुर (छ.ग.)**
**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

क्रं. 31/न.पा.नि./जोन क्रं.05/2025-26 दिनांक 13/01/2026

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु दिनांक 10.02.2026 को सायं काल 5:30 बजे तक ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| सिस्टम टेंडर नं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रु.लाख में) | निविदा डाउनलोड /सबमिट करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 183394 | वार्ड क्र 30 सिम्स परिसर में पुराने कैंटीन किचन शेड के बाजू में नवीन किचन शेड निर्माण कार्य। | 25.00 | 06 / 02 / 2026 |

उपरोक्त प्रदाय कार्य की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता,
न.पा.नि बिलासपुर (छ.ग.)

Green City, Clean City, Dream City.

**CHHATTISGARH STATE POWER TRANSMISSION CO LTD**
(A Government of Chhattisgarh Undertaking) CIN-U40108CT2003SGC0158200 GSTIN-22AADCC5773E1ZX
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER (SUB-STATION) Transmission Building Tifra, Bilaspur (C.G.) 495001
Website- www.cspc.co.in e-mail:-cessonm.bilaspur@cspc.co.in Ph. No. 07752-493537 Fax No. 07752-493537

No. 02-17/Pur/T-588/2346 Bilaspur, Dated: 09/01/2026

**NOTICE INVITING TENDER (through E-bidding module of SAP-SRM)**

Sealed tenders are invited from eligible experienced bidder on labour contract basis for the following works:-

| SN | Tender No. | Particulars | E.M.D |
|---|---|---|---|
| 01. | 02-17/ Tender/ T-588/2346 Dtd. 09.01.26 (Rfx. No. 8100048823) | Job work for detailed health earth assessment audit/analysis on earthing system of 220 KV, 132 KV and 33KV bays based on latest relevant standard and detail with optimal implementable solution under EE (S/s) Dn. CSPTCL, Bilaspur. | 44,400.00 |
| Cost of Tender Documents (Non-refundable) incl. GST@18% | | | 5,000.00 |
| Last Date & Time of Sale of Tender: - | | 02/02/2026 | 15:00 Hrs |
| Last Date & Time of Submission of Tender:- | | 03/02/2026 | 15:00 Hrs |
| Date & Time of Opening of Tender :- | | 03/02/2026 | 15:30 Hrs |

Terms & conditions:- (i) In case any of the above date is declared as holiday, then the particular date will automatically get shifted to next working day. (ii) Any notice for extension of due date of tender opening shall not be published in newspapers. It will be displayed only on official website of the company. (iii) The tender will be processed through e-bidding module of SAP-SRM. Bidders are advised to visit our web site www.cspc.co.in/csptcl for viewing detailed instructions regarding submission of offer through SAP-SRM

"Electricity saved is electricity Generated"

Executive Director (Sub-station)
CSPTCL Bilaspur




# चांद पर भी परमाणु रिएक्टर लगाने की होड़ यूएस का ऐलान- 2030 तक पूरा कर लेंगे काम

अमेरिका ने एलान किया है कि वह चंद्रमा पर न्यूक्लियर रिएक्टर लगाने की योजना पर काम कर रहा है। इसके लिए यूएस की ओर से एक डेडलाइन भी रखी गई है। अमेरिका का दावा है कि साल 2030 तक इस मिशन को मूर्त रूप देने का काम पूरा होगा।अमेरिका आने वाले समय में अंतरिक्ष में परमाणु मिशन पर काम करने जा रहा है।

**वॉशिंगटन।** बताया जा रहा है कि अमेरिका चांद पर स्थायी रूप से मानव और रोबोटिक मौजूदगी की दिशा में एक अहम कदम उठाने जा रहा है और वहां पर न्यूक्लियर रिएक्टर लगाने की योजना बना रहा है। शुरुआती जानकारी के अनुसार, नासा और अमेरिकी ऊर्जा विभाग ने मिशन मून के लिए एक परमाणु फिशन सरफेस सिस्टम विकसित करने के लिए एक नए कार्यक्रम पर संयुक्त रूप से काम कर रहे हैं।

बताया जा रहा है कि अमेरिका की ओर से साल 2030 का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, इस समय तक चांद की सतह पर यह रिएक्टर तैनात किए जाएं. ये पूरा घटनाक्रम ऐसे समय पर आया है, जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले साल 18 दिसंबर को एक कार्यकारी आदेश 'अमेरिकी अंतरिक्ष श्रेष्ठता सुनिश्चित करना' जारी किया था, जो पूरी तरीके से एजेंसियों को दशक के अंत तक प्रक्षेपण के लिए एक चंद्र सतह रिएक्टर तैयार रखने का निर्देश देता है।



## नासा ने क्या कहा?

अमेरिका के इस न्यूक्लियर मिशन को लेकर नासा एडमिनिस्ट्रेटर जेरेड आइजैकमान ने बताया कि यूएस चांद पर लौटने, वहां रहने के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने और मंगल पर उससे आगे के लिए अगली छलांग लगाने के लिए आवश्यक निवेश करने के लिए प्रतिबद्ध है। आगे यह भी बताया गया है कि चंद्रमा पर ये रिएक्टर एक विखंडन सतह विद्युत प्रणाली का इस्तेमाल करेंगे, यह भविष्य के लंबे चंद्र अभियानों के लिए सूरज के प्रकाश या तापमान की परवाह किए बिना सुरक्षित और प्रचुर मात्रा में विद्युत शक्ति उत्पन्न करने में सक्षम होगी।



## चीन और रूस भी तैयारी में लगे

गौरतलब है कि अमेरिका केवल इकलौता देश नहीं है, जो चांद पर परमाणु योजनाएं बनाने पर काम कर रहा है। पिछले साल मई के महीने में चीन और रूस ने भी चांद पर एक स्वचालित परमाणु ऊर्जा स्टेशन बनाने की योजना की घोषणा की थी. कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में बताया गया है कि रूस के सरकारी अंतरिक्ष निगम, रोस्कोस्मोस ने कहा किक उसने साल 2036 तक एक चंद्र ऊर्जा संयंत्र बनाने की योजना बनाई है। वहीं, इसके लिए लावोचकिन एसोसिएशन एयरोस्पेस कंपनी के साथ एक अनुबंध पर भी हस्ताक्षर किए हैं।

## नया स्कूटर और मंत्रोच्चार भारत की परंपरा का विदेशी दीवाना!



**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया पर अक्सर ऐसे वीडियो वायरल होते रहते हैं, जो भारतीय संस्कृति और परंपराओं के प्रति विदेशियों के सम्मान को दिखाते हैं। वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि एक पंडित जी विधि-विधान से मंत्र पढ़ रहे हैं और उनके पास एक विदेशी महिला भी खड़ी है, जो पूरे श्रद्धा भाव से अपने नए स्कूटर की पूजा करवा रही है। महिला पूरे अनुष्ठान में पूरी गंभीरता और सम्मान के साथ शामिल दिखाई देती है। पूजा के दौरान स्कूटर पर फूल, अगरबत्ती और पूजा सामग्री रखी गई है। वीडियो के साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा- हम नए वाहन की पूजा करते हैं ताकि वाहन और उसमें सवार लोगों को दैवीय सुरक्षा प्राप्त हो सके। एक मैक्सिकन महिला हमारे वाहन पूजा के हिंदू अनुष्ठान का पालन कर रही है।




# समंदर का कचरा बना जीवों की कॉलोनी

**न्यूयार्क।** प्रशांत महासागर में मौजूद दुनिया के सबसे बड़े कचरे के ढेर को ग्रेट पैसिफिक गार्बेज पैच कहा जाता है। इसको लेकर वैज्ञानिकों को एक चौंकाने वाली बात पता चली है। प्लास्टिक के इस कचरे पर अब समुद्री जीव रहने लगे हैं। ये इलाका पहले बिल्कुल खाली माना जाता था। वहां अब छोटे-छोटे जानवर बस रहे हैं। बढ़ रहे हैं और यहां तक कि बच्चे भी पैदा कर रहे हैं। प्रशांत महासागर के बीचों-बीच एक बहुत बड़ा इलाका है। यहां पर सालों से प्लास्टिक का कचरा जमा होता जा रहा है। यह कचरा धीरे-धीरे समुद्र की लहरों के साथ घूमता रहता है। धूप, नमक और समय के असर से यह प्लास्टिक कमजोर तो हो जाता है। हालांकि खत्म नहीं होता है। वैज्ञानिकों को पहले लगता था कि खुले समुद्र में कोई जीव टिक नहीं सकता है।



## प्लास्टिक पर बसी समुद्री दुनिया

वैज्ञानिक जब समुद्र से प्लास्टिक हटाने पहुंचे तो उन्हें उम्मीद नहीं थी कि उस पर जिंदगी मिलेगी. जांच में सामने आया कि प्लास्टिक के टुकड़ों पर कई तरह के छोटे जीव चिपके हुए थे। कुछ वहीं रह रहे थे। कुछ बढ़ रहे थे और कुछ तो प्रजनन भी कर रहे थे।

**रिसर्च में क्या पता चला :** वैज्ञानिकों ने उत्तरी प्रशांत महासागर से प्लास्टिक के 105 बड़े टुकड़े इकट्ठा किए। ये टुकड़े उस इलाके से थे जहां समुद्री धाराओं के कारण कचरा जमा होता है। जांच में पाया गया कि लगभग हर टुकड़े पर कोई न कोई जीव मौजूद था।




# रूस में आया बर्फ का प्रलय टूटा 146 साल का रिकॉर्ड



**मास्को।** रूस में कुदरत का इस समय ऐसा रूप देखने को मिल रहा है, जिसने पिछले 146 सालों का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। कड़ाके की ठंड और बर्फीले तूफानों ने पूरे देश को सफेद चादर से ढक रखा है। रूस में इस समय चारों तरफ बर्फ ही बर्फ नजर आ रही है। वैसे तो वहां हर साल भारी बर्फबारी होती है, लेकिन इस बार की बर्फबारी ने पिछले 146 सालों के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। राजधानी मॉस्को से लेकु दूर-दराज के इलाकों तक सब सफेद चादर से ढक गया है। हालत ऐसी हो गई है कि रूस के कामचटका जैसे इलाकों में बर्फीली तूफानों की वजह से सड़कें और पूरा का पूरा शहर गहरी बर्फ के नीचे दब गया है। इस बर्फबारी ने रूस में पिछले 146 साल के रिकॉर्ड को तोड़ दिया है जिसमें पूरा शहर डूबा हुआ लग रहा है। अधिकारियों का कहना है कि कुछ इलाकों में सिर्फ कुछ ही दिनों में इतनी बर्फ गिर गई है कि जितनी पूरे कई महीनों में गिरती है। कामचटका, जो अपने ज्वालामुखियों और कड़ाके की ठंड के लिए जाना जाता है। वहां इस बार की सर्दी ने पिछले कई सालों की यादें ताजा कर दी हैं।

## मौसम वैज्ञानिकों का क्या कहना है?

मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि प्रशांत महासागर में बार-बार उठने वाले तूफानों की वजह से ऐसा हुआ है। ये तूफान समुद्र से भारी मात्रा में नमी खींच रहा है, जो कामटका की बर्फीली हवाओं से टकराकर भारी बर्फबारी में बदल रही है। इस इलाके की बनावट भी ऐसी है कि यहां पहाड़ों की वजह से नम हवाएं ऊपर उठती हैं और जमकर बर्फ बनकर गिरने लगती है।

**ऐसी घटनाओं से क्या होता है :** इस साल एक के बाद एक बर्फीले तूफान इतनी जल्दी आए हैं कि पुरानी बर्फ को पिघलने या जमने का मौका ही नहीं मिला। इसके बाद उसके ऊपर नई बर्फ की मोटी परतें जमा होती गईं जिस वजह से वहां के ऊंचे-ऊंचे ढेर लग गए हैं। तूफानों के बीच समय कम होने की वजह से बर्फ की परतें पहाड़ जैसी ऊंची हो गई हैं।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com